52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 06.0°c अधिकतम 23.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:08 सूर्यास्त-5:23 | वर्ष : 52/ अंक : 349 | बुधवार, 18 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

याद रहे जिंदगी का
ये सफर सिर्फ बड़ा आदमी
बनने का नहीं है अच्छा
आदमी बनने का भी है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जिसने भी संविधान के साथ छेड़छाड़ की संविधान ने उसे सजा दी : एच डी देवेगोड़ा



पीढ़ियां तक सजा भुगत रही हैं.......

# फिर लटकी शाहनवाज राणा की रिहाई, अब 24 को सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** जीएसटी टीम पर हमले के मामले में कल सोमवार को फैसला आने के बाद भी आज मंगलवार फिर एक दूसरे मामले के कारण शाहनवाज रिहा नहीं हो पाये।

दरअसल, सिविल लाइन पुलिस द्वारा फर्जी कंपनी के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को धारा 120बी का मुल्जिम बनाया गया है। इस मामले में पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में तलब कराया, वारंट बनने पर उन्हें जेल भेज दिया गया। सीजेएम कोर्ट से पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की जमानत खारिज कर दी गई। आपको बता दें कि पांच दिसम्बर को वहलना चौक स्थित पूर्व सांसद कादिर राणा की स्टील फैक्ट्री में जीएसटी टीम की छापामारी के दौरान टीम पर हमला कर महिला अधिकारियों से अभद्रता की गई थी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, सद्दाम राणा व पूर्व सांसद कादिर राणा की दोनों बेटियों सादिया, शारिया को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों बेटियों को जमानत दे दी गई थी। मगर उसी दिन से शाहनवाज व सद्दाम दोनों ही जेल में बंद हैं। उक्त घटनाक्रम के बाद थाना



सिविल लाइन पुलिस ने फर्जी कंपनियों के नाम पर धोखाधड़ी का एक मामला भी दर्ज किया था, जिसमें पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के बेटे शाह आजम राणा के बेटे को मुख्य आरोपी बनाया गया था। इसके अलावा कामरान राणा, जिया अब्बास जैदी और तौसीफ कुरैशी को भी इस मुकदमे में नामजद किया गया है। इस मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को धारा 120बी का मुल्जिम बनाया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने मंगलवार को धोखाधड़ी के मामले में पूर्व विधायक को सीजेएम कोर्ट से वारंट हासिल करते हुए उनको पेश कराया गया। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक की जमानत के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया है। जमानत के लिए सेशन कोर्ट में अपील की गई, यहां अर्जी स्वीकार करते हुए कोर्ट ने सुनवाई के लिए 24 दिसम्बर की तिथि तय की है। इसी के साथ-साथ शाहनवाज राणा के चचेरे भाई व कादिर राणा के भतीजे सद्दाम राणा की भी रिहाई नहीं हो सकी। इस मामले में अधिवक्ता वकार अहमद ने बताया कि सद्दाम राणा की जमानत तस्दीक के कागज तहसील में पहुंच गये हैं, लेकिन थाने में तस्दीक होने के बाद कागज कोर्ट में नहीं पहुंच सके, जबकि इस मामले में आरोपी इमरान की जमानत कोर्ट में स्वीकार कर ली गई है।

## कादिर राणा के बेटे की जमानत के लिए भी दाखिल की गई अर्जी

**मुजफ्फरनगर।** पांच दिसम्बर को जीएसटी की छापेमारी के दौरान पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मौहम्मद राणा को जीएसटी टीम व पुलिस की मदद से उस समय पकड़ लिया गया था, जब वह कागजात से भरा बैग लेकर फैक्ट्री से जा रहे थे और इसी दौरान टीम पर उनके सहयोगियों ने हमला कर दिया था। टीम शाह मौहम्मद राणा को अपने साथ ले गई थी और उन्हें मेरठ में पेश किया गया था। थाना सिविल लाइन पुलिस ने 13 दिसम्बर को शाह मौहम्मद राणा का वारंट अपने मुकदमे में बनवाया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि पूर्व सांसद के बेटे शाह मौहम्मद राणा की जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई थी, जिसे सीजेएम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद जमानत के लिए सेशन कोर्ट में याचिका डाली गई, जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने बीस दिसम्बर की तिथि नियत की है।

## प्राथमिक विद्यालय में ही करा दी शादी, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद जागे बीएसए साहब

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर के सिसौली के प्राथमिक विद्यालय नं.1 में विवाह समारोह आयोजित किया गया। स्कूल के मैदान में बाकायदा टैंट लगाया गया और परम्परागत तरीके से विवाह की रस्म अदा करायी गयी। इस बात की शिकायत जब एक आम नागरिक ने लिखित रूप में की तो बीएसए साहब अंजान बनते हुए तब जागे जब विवाह समारोह का वीडियो बाकायदा सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सिसौली क्षेत्र के रहने वाले किरणपाल ने लिखित में पूछा कि उन्हें 21 दिसम्बर को प्राथमिक विद्यालय नं. 1 सिसौली में बारात रुकवानी है। इस पर स्कूल के प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने यह कहा कि सरकारी स्कूलों में शादी समारोह अथवा बारात रुकवाने की अनुमति नहीं मिल सकती। इस पर किरणपाल ने जवाब देते हुए कहा कि यदि 21 दिसम्बर की अनुमति नहीं मिल सकती तो 10 दिसम्बर को किसके कहने पर बारात रुकवाई गयी। इस पर जब कोई जवाब नहीं बना तो किरणपाल ने लिखित में इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को दी तो खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहपुर संजय भारती ने स्कूली प्रधानाचार्य व तीन अध्यापकों को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण मांग लिया। स्पष्टीकरण का जवाब क्या आएगा, यह तो बाद की बात है मगर फिलहाल अंजान बने बीएसए व खण्ड शिक्षा अधिकारी ने यह तो स्वीकार कर ही लिया कि स्कूल में शादी हुई है। उक्त नोटिस सोनू तेजा, इंचार्ज अध्यापक ऋतु मलिक, स.अ. अरविन्द कुमार के नाम दिया गया है। इस मामले में अब क्या कार्यवाही होगी इसका इंतजार बाकी है।

## उज्जैन स्थित महाकलेश्वर मंदिर में 165 करोड़ से भी अधिक दान, टूट गया रिकॉर्ड

**उज्जैन, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के विश्व विख्यात महाकालेश्वर मंदिर में इस साल दान मिलने का रिकॉर्ड टूट गया है। मंदिर प्रबंधक समिति ने मीडिया को बताया है कि 1 जनवरी 2024-13 दिसंबर 2024 तक महाकाल मंदिर को अलग-अलग माध्यमों से कुल 165 करोड़ रूपए का दान मिला है। लड्डू प्रसाद से मंदिर को कुल 53.50 करोड़ रु का दान मिला है। इसके अलावा मंदिर को 2.42 करोड़ की 399 किलो चांदी और 95.29 लाख का 1.5 किलो सोना भी दान किया गया है। मंदिर को दान पेटी से नगदी 43.85 करोड़ और VIP दर्शन से 48.99 करोड़ रूपए का दान प्राप्त हुआ है। बाकी, भस्म आरती से 90.90 लाख, अभिषेक सेवा से 5.92 करोड़, अन्न क्षेत्र से 12.32 करोड़, धर्मशाला बुकिंग से 5.90 करोड़, फोटोग्राफी से 7.73 लाख ध्वजा बुकिंग से 7.92 लाख, उज्जैन बस सेवा से 7.27 लाख और अन्य आय से 23.96 करोड़ रूपए का दान मंदिर को मिला है।

# सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा पुलिस से गुत्थम-गुत्था

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए उत्तर प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार पर तरह तरह के आरोप लगाए। कहीं प्रजातंत्र की हत्या बताया तो कहीं संविधान खत्म करने का भाजपा का प्रयास बताया। दरअसल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को कल विधानसभा घेरने के लिए लखनऊ पहुंचना था, इसी क्रम में मुजफ्फरनगर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा को भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ आज यानि मंगलवार को नौचंदी एक्सप्रेस गाड़ी से लखनऊ जाना था, मगर उससे पहले ही उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया गया। हाउस अरेस्टिंग के बाद जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा ने अपनी अरेस्टिंग की पूरी कहानी मीडिया को बताते हुए कहा कि मंगलवार को नहीं उन्हें सोमवार रात को ही पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया था जब वे मेरठ से वापस लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को जैसे ही वे अपने घर के बाहर पहुंचे तो भारी मात्रा में पुलिसबल वहां मौजूद था। मंगलवार सुबह जब उन्होंने घर से निकलने की जिद की तो पुलिस के साथ उनकी नोक झोक भी हुई। इसके बाद उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया, जहां मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समाप्त किया जा चुका है। भाजपा सरकार तानाशाह हो चुकी है। हर सरकार में विपक्ष को बोलने और विरोध करने का मौका दिया गया मगर यह पहली सरकार है जो लगातार प्रजातंत्र की हत्या कर रही है। उन्हें दूसरी बार हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की लगातार कोशिश की जा रही है वहीं युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और महंगाई चरम पर है। बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के नेतृत्व में सरकार की इन्हीं नीतियों का विरोध करते हुए विधान सभा का घेराव करना था मगर पुलिस ने उन्हें यहीं घेर लिया। वहीं नौचंदी एक्सप्रेस पर पहुंचे कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार होने वालों में युवा कांग्रेस महासचिव इंजी. आकिब राणा, प्रदेश सचिव वाहिद, जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी हिरासत में लिये गए। वहीं लखनऊ जाने वालों में जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा सहित सतपाल कटारिया, धर्मवीर मठारिया, मौ. कामिल, युगल किशोर, भारती, राजकुमार धीमान, विकास शर्मा, राजकुमार शर्मा, अमित कुमार, मनोज चौधरी, कमल मित्तल, गीता कामरान एवं नरेश चंद वाल्मीकि घर में ही नजरबंद किये गए।



## कभी-कभी कुछ तस्वीरें बयां कर देती हैं कि आखिर सच्चाई क्या है ?

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के हाउस अरेस्टिंग के बाद जब वे नौचंदी एक्सप्रेस के लिए बाहर निकले तो पुलिस ने उन्हें रेलवे स्टेशन तक जाने ही नहीं दिया गया और कांग्रेसी नेताओं के अनुसार पुलिस से उनकी झड़पें भी हुई मगर मगर जब मीडिया के कैमरे में तस्वीरें कैद हुई तो ये कुछ और ही बयां कर रही थी। तस्वीर देखने के बाद लोग यही पूछते दिखाई दिये कि आखिर पुलिस से झड़पों के समय कांग्रेसियों में इतनी मिठास कैसे है कि फोटो में सभी कांग्रेसी हंसते-मुस्कुराते हुए झड़पें कर रहे हैं। झड़पों में तो नेताओं का रौद्र रूप दिखाई देता है मगर यहां तो बड़ा ही हंसता मुस्कुराता चेहरा स्वयं कांग्रेसी जिलाध्यक्ष का दिखाई पड़ रहा है। तस्वीरें अपने आप बोल रही हैं कि कांग्रेसियों की कोई गुत्थम गुत्था पुलिस से नहीं हुई यह गुत्थम गुत्था तो बनावटी थी। तस्वीरों से सबकुछ बयां अपने आप हो रहा है।





# होटल पर खड़े ट्रक से लाखों की सिगरेट चोरी

**▸ ट्रक से चोरी हुई सिगरेट की कीमत 10 लाख से एक करोड़ तक होने की संभावना, चोरी से पुलिस में हड़कम्प**

**मीरापुर, 17 दिसम्बर (बु.)।** मीरापुर में रात्रि में एक होटल पर खड़े सिगरेट से भरे ट्रक (कंटेनर) से रात्रि में चोरों ने लाखों रुपए की कीमत की सिगरेट से भरे करीब 150 कार्टून चोरी कर लिए, लाखों की सिगरेट चोरी होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुँचे सीओ जानसठ व मीरापुर इंस्पेक्टर पुलिसबल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों से चोरों की तलाश में जुट गयी।

सहारनपुर जनपद के गंगोह थाना क्षेत्र के गांव बसी निवासी लुकमान पुत्र खलील ने बताया कि वह सहारनपुर की इंडिया ट्रांसपोर्ट कम्पनी के कंटेनर पर चालक है। सोमवार की दोपहर में लुकमान करीब 3 बजे सहारनपुर की सिगरेट कम्पनी आईटीसी के विभिन्न सिगरेट के करीब 834 कार्टून लेकर सहारनपुर से लखनऊ के लिए चला था। शाम करीब 6 बजे चालक लुकमान मीरापुर पहुँचा तथा यहाँ दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर चौधरी धर्म कांटे के समीप मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी अपनी बुआ के लड़के जावेद के होटल पर कंटेनर को खड़ा कर दिया तथा जावेद के घर खाना खाने चला गया और कुछ समय बाद रात्रि में अपनी गाड़ी में आकर सो गया, इसी दौरान चोरों ने कंटेनर से लाखों की कीमत की सिगरेट चोरी कर ली। सुबह 6 बजे जब चालक लुकमान सोकर उठा, तो कंटेनर के पीछे का गेट खुला मिला तथा उसमें से सिगरेट के करीब 150 कार्टून गायब मिले, 150 कार्टून चोरी देख चालक लुकमान के होश उड़ गए और उसने कम्पनी के मैनेजर सत्यपाल सिंह को घटना की सूचना दी, सूचना पर मैनेजर सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी, लाखों की सिगरेट चोरी होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया, मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा व सीओ



## चालक की ओर घूम रही संदेह की सुई

**मीरापुर।** प्रथम दृष्टया जांच में पुलिस के शक की सुई चालक की तरफ घूम रही है। एक पुलिसकर्मी ने बताया कि उक्त चालक कल ही एक ट्रक पर आया है तथा शाम 6 बजे ही उसने मीरापुर आकर अपने रिश्तेदार के उस होटल पर गाड़ी रोक दी, जो अभी शुरू भी नहीं हुआ था। फिलहाल पुलिस अलग-अलग पहलुओं पर कार्य कर रही है। इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मंगलवार को अलग-अलग दो स्थानों पर लगी आग से अफरा-तफरी

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार को मुजफ्फरनगर में दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने के मामले सामने आये हैं। खालापार थाना क्षेत्र के मेरठ रोड पर होंडा के शोरूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां शोरूम पर पहुंची और आग पर एक घंटे के अंदर काबू पाया गया। बताया गया कि सुबह के समय लोगों ने मेरठ रोड स्थित रोशन होंडा शोरूम पर धुआं निकलते हुए देखा जिसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग की दो गाड़ियां वहां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के अनुसार आग से शोरूम में रखा फर्नीचर व अन्य कई सामान जल गये हैं। बड़ी बात यह रही कि आग में कोई वाहन नहीं जला नहीं तो बड़ी हानि हो सकती थी। वहीं दूसरी ओर दोपहर में भोपा रोड स्थित श्री वीर बालाजी पेपर मिल में आग की सूचना मिली। यहां भी दमकल की गाड़ियां पहुंची जहां एक गाड़ी जानसठ से भी बुलाई गई। आग का विकराल रूप देखते हुए पेपर मिल के फायर टैंकर भी आग बुाने के लिए बुलाये गये। जहां हवा के रुख के अनुसार पेपर पर पानी डाला गया। बड़ी मशक्कत के बाद लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों ने बताया कि आग बुाने में पेपर मिल के कर्मचारियों ने भी बड़ी मदद की। यह आग वेस्ट पेपर में लगी थी।










आपको बडे दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**स0 सिकन्दर सिंह सरां**

का स्वर्गवास दिन बृहस्पतिवार दिनांक 12.12.2024 को हो गया है
वाहे गुरु जी की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी अन्तिम अरदास दिनांक 19.12.2024 दिन बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम**

दिन बृहस्पतिवार, दिनांक 19 दिसम्बर 2024
कीर्तन ..............................प्रातः 12.00 से 02.00 बजे
भोग ..............................दोपहर 02.00 बजे
कार्यस्थल : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रोडवेज बस स्टैण्ड, मुजफ्फरनगर

**शोकाकुल परिवार**

स. सुखमिन्दर सिंह सरां (बडे भाई)
स. कुलदीप सिंह सरां (भतीजा)
स. जगदीप सिंह सरां (भतीजा)
स. गुरदीप सिंह सरां (पुत्र)
स. नवदीप सिंह सरां (पुत्र)
स.सुखविन्दर सिंह ग्रेवाल (दामाद)

एवं समस्त जी0एन0आर0 ट्रान्सपोर्ट परिवार

-: प्रतिष्ठान:-
गाँधी कॉलोनी, गली नं0 11 वर्मा पार्क, मुजफ्फरनगर
मो0नं0 : 7500100081, 9412211481


# मिनी बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत होने से बस अनियंत्रित होकर पलटी

**दर्जनभर श्रद्धालु घायल, गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया**



**खतौली, 17 दिसम्बर (बु.)।** ट्रैक्टर ट्रॉली की मिनी बस से भिड़न्त होने के कारण श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस निकटवर्ती गन्ने के खेत में पलट गयी, जिससे दर्जनभर श्रद्धालु घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार पानीपत से शुक्रताल जा रही एक मिनी बस प्रातःकाल जब खतौली नगर क्षेत्र के गांव मोचड़ी के निकट पहुंची तो बताया जाता है कि इस दौरान एक ट्रैक्टर ट्रॉली की साइड लगने से अनियंत्रित होकर मिनी बस सड़क किनारे गन्ने के खेत में पलट गयी। लगभग पच्चीस श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस के गन्ने के खेत में पलटने से बस में सवार श्रद्धालुओं में कोहराम मच गया तथा मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां दुर्घटना में घायल बस में सवार सुरेश रानी पत्नी राजेश, आशा पत्नी अशोक नारंग, कान्ता देवी पत्नी श्यामलाल, ज्ञान सागर पुत्र जीवन, रानी पत्नी सुभाष शर्मा आदि गंभीर रूप से घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बाइक-स्कूटी भिड़ंत में की मौत, एक गंभीर घायल

**खतौली, 17 दिसम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव टबीटा निवासी दो सगे भाई नेत्रपाल व कुशलपाल अपने खेतों से स्कूटी द्वारा गांव रुकनपुर खेड़ी जा रहे थे। बताया जाता है कि हाइवे पर एक होटल के निकट एक अज्ञात बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल नेत्रपाल (52 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया गया। जिसे पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।


**शाईन डेन्टल एवं मैडिकल क्लीनिक**

महावीर चौक के पास, डा0 मुकेश जैन वाली गली, मुजफ्फरनगर मो0: 8791362345, 9045452123

**दाँतों का अत्याधुनिक हॉस्पिटल**

**डा. जतिन गुप्ता** B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं इम्पलान्ट विशेषज्ञ

**डा. शिफाली गुप्ता** B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं कास्मेटिक विशेषज्ञ

शहर में पहली बार

**लेज़र मशीन द्वारा**

बिना चीरा, बिना दर्द, बिना खून निकले,
बिना टांके के मुँह के हर प्रकार के ऑपरेशन

NO CUT • NO SAW • NO FEAR



पूरे मुँह का एक्स-रे (OPG) की सुविधा उपलब्ध

रविवार अवकाश | समय- सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सायं 5.00 बजे से सायं 7.30 बजे तक

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1398-तैमूर ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया था। 1777-अमेरिका में पहली बार नेशनल थैंक्स गिविंग डे मनाया गया था। 1787-अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना था। 1799-अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को माउंट वर्नान में दफनाया गया था। 1833-रूस का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' पहली बार गाया गया था। 1839-अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने पहली बार किसी आकाशीय पिंड (चंद्रमा) की तस्वीर उतारी। 1849-विलियम बांड ने टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफ ली थी। 1878-अल-थानी परिवार कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना था। 1902-इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक माकोर्नी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया। 1938-जर्मनी के वैज्ञानिक और रसायनशास्त्री ऑटोहैन द्वारा नाभकीय उर्जा के विश्लेषण से परमाणु युग का आरंभ हुआ1 1941-द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी सेना हांगकांग पहुंची और आम नागरियों का कत्ल करना शुरू कर दिया था। 1955-उद्योगपति विजय माल्या का जन्म हुआ। 1960-राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ। 1969-इंगलैंड में मृत्युदंड की सजा समाप्त कर दी गई। 1973-इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना हुई थी। 2005-कनाडा में गृह युद्ध की शुरूआत हुई थी। 2008-ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ था। 2014-सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 का सफल प्रक्षेपण हुआ था। 2015-ब्रिटेन के कोयला खादान के लिंगले केलियरी को बंद किया गया था। 2017-राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में भारत ने जीते 30 में से 29 स्वर्ण।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1500, रसकट ढैया 1220-1235, चाकू 1350-1511, लड्डू 1425-1550, खुरपापाड़ 1350-1371, शक्कर मसाला 1525-1540। आमद- 5000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78600 | चांदी- | 91400 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58790 |

## आपका आज का राशिफल

बुधवार, 18 दिसम्बर, 2024

**मेष-** व्यापार में विस्तार, आशानुकूल घटना घटित, प्रियजनों से विचार-विनिमय, कर्ज की अदायगी, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, आनन्द की अनुभूति।

**वृषभ-** समस्याओं का समाधान, परिवार में हर्षोल्लास की स्थिति, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, जनसम्पर्क का सुयोग, पठन-पाठन में रुचि, विवाद का समापन।

**मिथुन-** मनोवांछित सफलता, सुखशांति का माहौल, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयास जारी, मानसिक चिंता में कुछ कमी।

**कर्क-** ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, धन-सम्पत्ति विषयक मसला उलझनें की ओर, मान-सम्मान में कमी का एहसास, व्यक्ति-विशेष से विश्वासघात।

**सिंह-** नवीन योजनादृष्टिगत, आकस्मिक लाभ, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, वैमनस्यता का समापन, रचनात्मक क्रिया-कलापों में रुचि।

**कन्या-** अधूरे कार्यों की पूर्ति, आपसी सौहार्द, आत्मविश्वास से कुछेक मसला हल होने की ओर, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक वातावरण सुखद।

**तुला-** व्यापार में धन निवेश, स्वविवेक से कार्यों में उन्नति, आपसी मतभेद समाप्त, सामाजिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि, शुभ समाचार मिलने से खुशी, धनागम।

**वृश्चिक-** परिवार में अशांति, विरोधी सक्रिय, कर्ज की अधिकता, आपसी संबंधों में कटुता, राजकीय पक्ष से असहयोग, विवाद की आशंका, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।

**धनु-** व्यक्तित्व का विकास, आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में अनुकूलता, कठिनाइयों में कमी, नौकरी में प्रोन्नति विषयक मसला हल, अधिकारियों से सहयोग।

**मकर-** दिनमान भाग्य के पक्ष में, विपरीत कार्यों में उन्नति, प्रयास सार्थक, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, मनो-विनोद के अवसर सुलभ।

**कुम्भ-** सफलता की दिशा में प्रयास जारी, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शिक्षा में सफलता, धन संचय में प्रवृत्ति, राजनैतिक क्रिया-कलापों में रुचि।

**मीन-** उन्नति में व्यवधान, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसानदायक, चाहने के बाद भी योजना अधूरी, भाग्य में न्यूनता, धर्म में अरुचि, आपसी वैमनस्यता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# तहसीलदार से मिली वृद्धा, बीडीओ को जांच सौंपी

बुढ़ाना, 17 दिसम्बर (बु.)। घर के बाहर नाली नहीं बनने देने के मामले में तहसीलदार ने बुढ़ाना बीडीओ को मामले की जांच सौंपी और कहा कि वे मौके पर जाकर वृद्धा के मामले को बारीकी से देखें और घर के पानी की निकासी का समाधान कराएं। इस मामले में पीड़िता मंगलवार के दिन तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव से मिली और उनको अपना दुखड़ा सुनाया। पीड़िता दलित वृद्धा सरोज पत्नी लक्ष्मण निवासी गांव खरड़ ने तहसीलदार को बताया कि उसके मौहल्ले में खड़ंजा बना हुआ था, जिसे ग्राम प्रधान ने उखड़वा दिया था और फिर बनवाया ही नहीं, जिससे आम रास्ते पर पानी की निकासी नहीं हो रही और जमा पानी घर में भर रहा है। आना-जाना भी दूभर हो गया है और बीमारी का खतरा बन गया है। मौहल्ले के दबंग श्रवण कुमार आदि उसके मकान के पास का रास्ता व नाली नहीं बनने दे रहे हैं।?कहते हैं कि तुमने हमारे हिसाब से प्रधान को वोट नहीं दिये। इसलिए हम तुम्हारी नाली और खड़ंजा नहीं बनने देंगे। पीड़िता ने उसके घर के बाहर नाली का रास्ता खुलवाने और घर के बाहर बंद गली में ईंट रोडे हटवाए जाने की मांग की है। इस मामले में तहसीलदार ने बीडीओ को जांच कर वृद्धा की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

## देवर के पुत्र द्वारा गाली गलौच करने से परेशान वृद्धा पहुंची थाने, हथौड़ा मारने का लगाया आरोप



भोपा, 17 दिसम्बर (बु.)। देवर के पुत्र द्वारा सुबह सवेरे दरवाजे में हथौड़ा मारने व गाली गलौच करने से परेशान वृद्धा ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी महिला धनदेवी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसके देवर का पुत्र अक्सर उसके परिवार के साथ गाली गलौच कर मारपीट पर उतारू रहता है तथा उन्हें तंग व परेशान करता है। मंगलवार की सुबह 7 बजे आरोपी हाथ में हथौड़ा लेकर आया तथा दरवाजे में हथौड़ा मारने लगा। विरोध करने पर आरोपी गाली गलौच करके मारपीट करने लगा तथा ईंट बरसाने लगा। पीड़िता ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## लॉयंस क्लब सैंट्रल द्वारा शुक्रताल में जर्सी वितरण



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बुस.)। स्वामी कल्याणदेव एसडी इंटर कॉलेज शुक्रताल में लायंस क्लब मुजफ़्फ़रनगर सेण्ट्रल द्वारा गत वर्षो की तरह अपनी सिगनेचर एक्टिविटी के अंतर्गत ४०० जर्सियों को कॉलेज के छात्र-छात्राओं में वितरित किया गया। कार्यक्रम में जर्सी वितरण के साथ ही छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए अपनी प्राथमिकता, अपना कैरियर चुनने की दिशा में मार्गदर्शन दिया गया। समारोह में क्लब के अधिकारीगण एलसीआईएफ एरिया लीडर लायन विनय मित्तल, गवर्नर पीएमजेएफ लायन अशोक मित्तल, वीडीजी-२ लायन आदित्य गुप्ता, मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन पीएमजेएफ लायन पंकज बिजलवान व होम क्लब से एमजेएफ लायन नीलकमल पुरी, लायन सुधीर चंद्र गोयल, लायन अंकित सिंघल, लायन नरेश शर्मा, लायन संजय जैन (प्रोग्राम चेयरमैन), लायन श्रेय जैन (प्रेजिडेंट), लायन विख्यात बिन्दल (ट्रेजरार), लायन मानव शेखर जैन, लायन अंकित बंसल, लायन कार्तिक सिंघल, लायन सचिन सिंघल व लायनेड अंजू पुरी, अरुणा जैन, श्रद्धा जैन, सुनीता रानी, नेहा जैन इत्यादि उपस्थित रहे। अन्य क्लबों से आये हुए लायंस ने भी इस अवसर पर प्रोग्राम में पार्टिसिपेशन किया। सभी अधिकारियों ने प्रोग्राम को बहुत सराहा। अंत में कॉलेज होम साइंस छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट भोजन कराया गया। कॉलेज स्टाफ का भी पूर्ण सहयोग रहा।

## द एसडी पब्लिक स्कूल में हुई मुजफ्फरनगर मेडिकल के जीएनएम विद्यार्थियों की विजिट



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बुस.)। आज द एसडी पब्लिक स्कूल, जानसठ रोड में मुजफ्फरनगर नर्सिंग संस्थान के जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुसार विद्यालय में विजिट किया। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं-जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित प्रयोगशाला को देखा एवं विद्यालय के छात्रों के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। उक्त छात्रों ने विद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा पढ़ाई की गुणवत्ता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष, एक्टिविटी कक्ष एवं विशाल लाइब्रेरी को देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुए। विद्यालय की स्पोर्ट्स एक्टिविटी को भी नजदीकी से छात्रों ने देखा एवं परखा। अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना ने सभी को जलपान कराया। जीएनएम विद्यार्थियों का विद्यालय भ्रमण सफल एवं सार्थक रहा।

## ग्राम निर्धना स्थित तालाब की भूमि से राजस्व टीम ने हटवाया अवैध कब्जा, निर्माण किया गया ध्वस्त



चरथावल, 17 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के ग्राम निर्धना में तालाब की भूमि पर ग्रामीणों द्वारा किये गए अवैध निर्माण को पुलिस की मौजूदगी में राजस्व टीम ने जेसीबी की मदद से नीचे गिरा दिया। दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। चरथावल विकासखंड के ग्राम निर्धना में कुछ ग्रामीणों द्वारा तालाब की भूमि पर दीवार का निर्माण कर छप्पर डालकर अवैध निर्माण कर लिया गया था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को की गई थी। इस मामले में उप जिलाधिकारी सदर निकिता शर्मा द्वारा नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एक राजस्व टीम का गठन किया गया, जिसमें कानूनगो हितकर, लेखपाल शीतल देवी, लेखपाल प्रवीण गुप्ता मौजूद रहे। राजस्व टीम ने चरथावल थाने के दधेडू चौकी इंचार्ज संजय तोमर व पुलिस टीम के साथ पहुँचकर तालाब की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त करा दिया एवं अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी कि अगर इस बार तालाब की भूमि पर दोबारा अवैध निर्माण किया गया, तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## बुढ़ाना पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

बुढ़ाना, 17 दिसम्बर (बु.)। पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार और कांस्टेबल आकाश कुमार की सहायता से वारंटी अली हसन पुत्र हासिम रांघड निवासी ग्राम उमरपुर बुढ़ाना को मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## क्षेत्र में चोरों का बोलबाला : नलकूप उखाड़ कर चोरी की

सिखेड़ा, 17 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव मन्दौड़ में गत रात्रि चोरों ने ट्यूबवेल की दीवार तोड़कर मोटर और अन्य सामान चोरी कर लिया। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव मन्दौड़ निवासी विपिन कुमार पुत्र हरपाल सिंह ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात अज्ञात चोर पांच ट्यूबवेल की दीवार तोड़कर मोटर और अन्य सामान चोरी कर ले गये। सुबह जब काम करने के लिए किसान अपने खेतों पर गये, तो ट्यूबवेल की दीवार टूटी मिली। कुछ ट्यूबवेल के ताले टूटे पड़े मिले, तब ट्यूबवेल में चोरी होने का पता चला। चोर अजय कुमार, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र, विपिन, नरेश पाल की ट्यूबवेल से मोटर और अन्य सामान चोरी कर ले गये। उन्होंने बताया कि पहले भी तीन-चार बार ट्यूबवेलों में चोरी हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने किसी भी चोरी का खुलासा नहीं किया, जिसको लेकर गांव वालों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया हकि चोरी की घटना की तहरीर आई है। कार्यवाही की जा रही है।

## निरीक्षण में टीम को बिना मान्यता चलते मिले कई स्कूल

चरथावल, 17 दिसम्बर (बु.)। विकास खंड के अनेक गांवों में चल रहे अमान्यता प्राप्त पब्लिक स्कूलों पर खंड शिक्षा अधिकारी चरथावल कमलेश बाबू ने छापेमारी की। इस दौरान क्षेत्र में पाँच पब्लिक स्कूल बिना मान्यता के चलते पाए गए। इन सभी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। एबीएसए ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही इन स्कूलों को बंद नहीं किया गया या मान्यता नहीं ली गई, तो इनके विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के आदेश पर चरथावल खंड शिक्षाधिकारी कमलेश बाबू ने बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए दधेडू स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मदरलैंड पब्लिक स्कूल मलीरा, सनशाइन पब्लिक स्कूल लकड़सन्धा, भारत पब्लिक स्कूल दहचन्द व सनलाइट पब्लिक स्कूल न्यामु में छापेमारी की। इसके अलावा कई अन्य स्कूलों पर भी छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कई स्कूल बिना मान्यता के के चलते मिले। चरथावल खंड शिक्षाधिकारी कमलेश बाबू ने बताया कि छापेमारी के दौरान स्कूलों में अनेक खामियां पाई गई है। जैसे एक मान्यता पर एक से अधिक स्कूल चल रहे हैं। एनसीईआरटी पुस्तकों की जगह प्राइवेट पुस्तक चलाई जा रही हैं।

अध्यापकों को चेक द्वारा भुगतान न दिया जाकर नकद भुगतान किया जा रहा है। अस्थाई मान्यता को तीन वर्ष बाद भी स्थायी नहीं कराई गई है। अनट्रेंड अध्यापकों से स्कूल में शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पांचों स्कूलों को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अमान्यता प्राप्त स्कूल जल्द से जल्द स्थाई मान्यता करा लें अन्यथा उनकी अस्थाई मान्यता निरस्त कर दी जाएगी।

## दूधली गांव में राजपूत समाज ने की पंचायत, पुलिस-प्रशासन का किया आभार

### हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने भी की बड़ी संख्या में भागीदारी, भाजपा नेता सुभाष चौहान भी पहुंचे



चरथावल, 17 दिसम्बर (बु.)। चरथावल कस्बे के नगर पंचायत अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद हिंदू संगठनों ने दूधली के दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई धन्यवाद सभा में मुख्य अतिथि सुभाष चौहान सहित हिंदू संगठनों के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सुभाष चौहान ने क्षेत्र के सभी हिंदू संगठनों, हिंदू वीरों एवं सर्व समाज का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद सभा में हिंदू संघर्ष समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पवार विशेष रूप से पहुंचे। धीर सिंह संघर्ष समिति के कार्यकर्ता अंकुर राणा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक 151 अज्ञात आरोपियों की संख्या पूरी नहीं होती, तब तक क्षेत्र में सभाओं का दौर चलता रहेगा। कार्यक्रम में करणी सेना के युवा जिला अध्यक्ष धीरज राणा और शिवसेना नेता मनोज सैनी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा 151 लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे पर भी चर्चा हुई। संघर्ष समिति के कार्यकर्ता धीर सिंह पुंडीर ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। धन्यवाद सभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 24 दिसंबर को होने वाली महापंचायत में किसानों से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

चरथावल, 17 दिसम्बर (बु.)। विकासखंड प्रांगण में होने वाली भारतीय किसान यूनियन की 24 दिसंबर की महापंचायत की तैयारियों को लेकर भाकियू नेता विकास शर्मा ने कई गांवों का दौरा कर पंचायत में अधिक से अधिक किसानों के पहुंचने का आह्वान किया। चरथावल विकासखंड के प्रांगण में 24 दिसंबर को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा एक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। महापंचायत में अधिक से अधिक किसानों के पहुंचने के लिए भारतीय नेता विकास शर्मा ने गाँव क्यामपुर, खुसरोपुर, चौकड़ा व चरथावल सहित अनेक गांवों का दौरा किया और किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा ने बताया कि क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख समस्याओं को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। चरथावल-थानाभवन-मुजफ्फरनगर मार्ग सड़क चौड़ीकरण कार्य अधूरा पड़ा है। सड़क निर्माण के जांच का नमूना पहले ही फेल हो चुका है। राजस्व एवं चकबंदी विभाग द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। इन सभी समस्याओं को लेकर महापंचायत में प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पवन त्यागी, नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी, राजेन्द्र भगत आदि मौजूद रहे।

## उद्धव ने सीएम देवेंद्र से की मुलाकात तो गर्माई सियासत



मुंबई, 17 दिसंबर (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से विधान भवन में उनके कक्ष में मुलाकात की। इसके बाद सियासत गर्मा गई है। इस मुलाकात के दौरान, उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। बता दें कि उद्धव ठाकरे राज्य विधानमंडल के चल रहे शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मंगलवार को नागपुर पहुंचे थे। जहां वे शाम को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल की बैठक में भी शामिल होंगे। सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा आज हमारे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। यह एक कदम आगे है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करते समय, दोनों (सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष) को देश और राज्य के हित के लिए एक साथ काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए।

## जीसी पब्लिक स्कूल में अन्तर्विद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट 19 दिसम्बर से शुरू

मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी इस वर्ष विभोर संगल की स्मृति में 13वाँ अन्तर्विद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर 2024 को कराने जा रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के स्कूली बालक-बालिकाएं भाग ले रही है। प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दो वर्ग में होगी। प्रत्येक वर्ग में चार कैटेगरी बनाई गई हैं, जिसमें 11, 14, 17 एवं 19 वर्ष से कम उम्र के स्कूली बालक एवं बालिकाएं ही भाग ले सकेंगे। प्रत्येक कैटेगरी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विभोर संगल अन्तर्विद्यालय टेबल टेनिस चल वैजयंती संयुक्त रूप से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली स्कूल टीम को दी जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच एकल होंगे। यह टूर्नामेंट एक स्कूली एवं निजी टूर्नामेंट है। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है, टूर्नामेंट से सम्बन्धित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता, आपसी भाईचारा, सांस्कृतिक एवं वैचारिक आदान-प्रदान एवं स्कूली बालक एवं बालिकाओं में टेबल टेनिस गेम को बढ़ावा देना है।

## पंडित पार्थो सारोथी के सरोद वादन से सभागार हुआ मंत्रमुग्ध





मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बुस.)। स्पिक मैके द्वारा डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पंडित पार्थो सारोथी ने सरोद वादन से सभागार में उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम हाल ही में दिवंगत हुए विश्वविख्यात तबला नवाज उस्ताद जाकिर हुसैन को समर्पित किया गया। उनके लिए मौन रखकर प्रार्थना की गई। सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ (स्पिक मैके) के तत्वावधान में आयोजित सरोद वादन के कार्यक्रम में विख्यात सरोदवादक भारतरत्न पंडित रवि शंकर के शिष्य पंडित पार्थो सारोथी का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम से पूर्व विश्वविख्यात तबला वादक ग्रैमी एवॉर्ड व पद्मभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन के दिवंगत होने पर कलाकारों व सभागार में उपस्थित श्रोताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। पंडित पार्थो सारोथी ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन राग अहीर भैरव से किया। आलाप से राग की आत्मा को उकेरते हुए उन्होंने इसी राग में बेहद सुंदर जोड़ प्रस्तुत किया। तदोपरांत तीन ताल में निबद्ध एक मनमोहक गत प्रस्तुत की, तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन दादरा ताल में निबद्ध राग मुखारी से करते हुए उन्होंने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता से उनके साथ पधारे आशीष पाल ने तबले पर बखूबी संगत प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एम.के. बंसल सचिव महाविद्यालय प्रबंधन समिति, पंडित पार्थो सारोथी, आशीष पॉल, प्रोफेसर गरिमा जैन, प्रोफेसर राधा मोहन तिवारी, प्रो. सुनीता शर्मा, डॉ. स्मृति गोयल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दोनों कलाकारों का प्रो. मृदुला मित्तल एवं प्रो. विपिन जैन द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया गया। डॉ. एम.के. बंसल द्वारा दोनों कलाकारों एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. मृदुला मित्तल, प्रो. देवेश त्यागी, प्रो. संध्या जैन, प्रो. विपिन जैन, प्रो. संजीव त्यागी, प्रो. वेदपाल, डॉ. कुलदीप, डॉ. रचना त्यागी, डॉ. राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गरिमा जैन के द्वारा अतिथि कलाकारों एवं सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पुरकाजी ब्लॉक के 14 स्कूलों से 70 विद्यार्थियों ने किया बिंदल पेपर मिल का भ्रमण, चेयरमैन जहीर ने दिखाई हरी झंडी




पुरकाजी, 17 दिसम्बर (बु.)। "राष्ट्रीय अभियान आविष्कार योजना" के अंतर्गत पुरकाजी ब्लॉक के 14 स्कूलों से कक्षा 6, 7, और 8 के 70 छात्र छात्राएं बिंदल पेपर मिल मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए हैं। वहां पर छात्र-छात्राओं को कागज कैसे बनाया जाता है और पेपर मिल कैसे काम करती है, यह दिखाया जाएगा, जिससे बच्चों का मानसिक विकास होता रहे। पुरकाजी ब्लॉक के गांव लखनौती, भोजहेड़ी, बढ़ीवाला, बुच्चा बस्ती, चमरावाला, खुदा, कैलनपुर, भूराहेड़ी, तेजलेड़ा, अब्दुलपुर आदि गांव से 70 छात्र-छात्रों को चिन्हित करके इस अभियान के तहत बिंदल पेपर मिल में भेजा गया है। नगर पंचायत पुरकाजी के चेयरमैन जहीर फारूकी ने बसों को पुरकाजी बीआरसी के सामने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना होते समय शिक्षकों और बच्चों ने जय जवान जय किसान जय विज्ञान के नारे लगाए। शिक्षकों में मनीष गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा देने के लिए यह व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाता है। सरकार की योजनाएं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए बहुत अच्छी रहती है। बच्चों के इस टूर के साथ शिक्षकों के ब्लॉक अध्यक्ष मनीष गोयल, अमित तोमर, मधुसूदन शर्मा, अमित शर्मा, विवेक यादव, योगेश त्यागी, रामकुमार, कुसुम मलिक, नीतू त्यागी, मंजू यादव, अनुराधा, विनय कुमार, रूप सिंह, अनूप बंसल आदि शिक्षकों का ग्रुप भी साथ में गया है। इस टूर के प्रति स्कूल के छात्र-छात्राओं में बड़ा उत्साह रहा।

## श्रीराम कॉलेज में सीओ रूपाली ने किया एचपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में एचपीएल हॉस्टल प्रीमियम लीग एचपीएल 2204 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मुख्य अतिथि सीओ नई मंडी रूपाली राय चौधरी ने फीता काटकर किया। कॉलेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस सी कुलश्रेष्ठ, प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, निदेशक डॉ. अशोक कुमार, डीन एकेडमिक विनीत शर्मा, देवेंद्र चौधरी, डीन एक्टरनल एडमिशन कपिल धीमान, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसंबर तक किया जाएगा, जिसमें श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज के हॉस्टल की 5 टीमें विक्ट्री वाइपर्स, नेवर गिव अप, सुप्रीम स्ट्राइकर, ईगल इलाइटस तथा इंडियन ईगल्स प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में पांच टीमों के बीच कुल 10 लीग मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के लीग मैच में प्रत्येक टीम को 10 ओवर डालने हैं। सेमीफाइनल 21 और 22 दिसम्बर को होगा, जोकि 15-15 ओवर का होगा। जबकि फाइनल मैच 23 दिसंबर को 20 ओवर का होगा। आज दो लीग मैच खेले गये जिसमें पहले मुकाबले मे सुप्रीम स्ट्राइकल और ईगल इलाइटस बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये सुप्रीम स्ट्राइकल ने 190 रन बनाये जवाब में रनों का पीछा करने उतरी ईगल इलाइटस 5 विकेट पर 97 रन ही बना पाई। दूसरा मैच विक्ट्री वाइपर्स और इंडियन ईगल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये विक्ट्री वाइपर्स ने 6 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाये। इंडियन ईगल्स ने 7 ओवर्स 2 विकेट के नुकसान बड़ी आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैच आफ दा मैच पवन शुक्ला रहे। अम्पायर प्रियांशु और माधव तथा स्कोरर कुश रंजन और शिवम रहे। चेयरमैन डॉ एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने सीओ रूपाली राय को कार्यक्रम में उपस्थित होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया तथा छात्रों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने एवं बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## गांव बधाई खुर्द का लड़का बना सेना में लेफ्टिनेंट, पिता भी हैं बीएसफ में तैनात, कर रहे देश की सेवा



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। चरथावल के गांव बधाई खुर्द निवासी सुरेश चंद धीमान के पौत्र वासु धीमान का चयन एनडीए में हुआ है। मुजफ्फरनगर के इस होनहार बेटे के पिता सुधीर धीमान बीएसएफ में तैनात होकर देश की सेवा कर रहे हैं। वर्तमान में वह परिवार सहित शहर के रामपुरी में रहते हैं। वासु धीमान का चयन एनडीए में लेफ्टिनेंट के पद पर हो जाने से गांव बधाई खुर्द और मौहल्ला रामपुरी में पूरा खुशी का माहौल रहा। शहर के रामपुरी निवासी बीएसएफ में तैनात सुधीर धीमान पिछले कई वर्षों से रामपुरी में रहते हैं। उनके पुत्र वासु धीमान का चयन एनडीए में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। उनके चयन पर पैतृक गांव बधाई खुर्द और निवास स्थान रामपुरी में खुशी का माहौल रहा। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वासु धीमान ने बताया कि उनका सपना पिता की तरह ही देश की सेवा करने का था, जिसका उन्हें मौका मिला है। वासु धीमान दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीएससी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के अंतराल 2021 में उन्होंने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और उनका चयन एनडीए में हुआ। इसके बाद तीन वर्ष तक प्रशिक्षण पुणे में प्राप्त किया और इसके बाद एक वर्ष के लिए देहरादून आईएमए में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वासु धीमान के पिता सुधीर धीमान वर्तमान में बीएसएफ में पश्चिम बंगाल में तैनात हैं। परिवार में दो चाचा संजीव कुमार और मनोज कुमार दिल्ली पुलिस में तैनात हैं। उन्हें बधाई देने वालों में सरदार बलविंदर, ओम दत्त आर्य, बिजेंद्र धीमान, रवि धीमान, सुधीर धीमान आदि भी शामिल रहे।

## 'एक देश, एक चुनाव' में मिली कामयाबी तो क्या उसके बाद आएगा 'एक देश-एक वर्दी'

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (एजेंसी)। एक देश एक चुनाव के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' का विचार दिया था। जानकारों का कहना है कि अगर देश में 'एक देश, एक चुनाव' की प्रक्रिया लागू कराने में केंद्र सरकार को सफलता मिलती है तो 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' की अवधारणा भी आगे बढ़ सकती है। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के एलान से पहले मार्च में 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। अक्तूबर 2022 में पीएम मोदी ने हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित चिंतन शिविर में 'एक पुलिस, एक वर्दी' का विचार दिया था। विभिन्न राज्यों के गृह मंत्रियों, गृह सचिवों और शीर्ष पुलिस अधिकारियों के समक्ष पीएम मोदी ने कहा था, 'पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' सिर्फ एक विचार है। इसे राज्यों पर थोपा नहीं जा रहा है। पांच, पचास या सौ वर्षों में इस बाबत आगे बढ़ा जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा था कि सभी राज्यों को इस पर विचार करना चाहिए।

## दिनदहाड़े चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा



रामराज, 17 दिसम्बर (बु.)। ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी एक व्यक्ति की पेस्टीसाइड की दुकान में से नगदी चोरी कर रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी का चालान किया।

रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी अनुज वर्मा पुत्र कुंवर सिंह की गाँव के बस स्टैंड के निकट पेस्टीसाइड की दुकान है, सोमवार की शाम को अनुज वर्मा दुकान खुली छोड़कर किसी कार्यवश घर पर चला गया। आरोप है कि इस दौरान एक अज्ञात चोर ने उसकी दुकान के गल्ले से करीब 4000 रुपये की नगदी चुरा ली। जब दुकानदार घर से वापिस दुकान पर आया तो उसे नगदी गायब मिली, जिस पर उसने ग्रामीणों के साथ सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक चोर उसकी नगदी चुराकर मीरापुर की ओर को फरार हुआ है, जिस पर ग्रामीणों ने आरोपी चोर को मीरापुर के निकट पकड़ लिया तथा रामराज पुलिस को सौंप दिया।

पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र के गाँव नंगला नससु निवासी योगेश कुमार पुत्र चरण सिंह बताया है। पुलिस ने आरोपी से 21 सौ रुपए की नगदी बरामद करते हुए उसका चालान कर दिया। बता दे कि रामराज क्षेत्र में इस समय चोरों का आतंक छाया हुआ है और चोरों ने पिछले 10 दिन से 10 ट्यूबवेल में चोरी की घटना को अंजाम भी दिया था। अब दुकान में दिन-दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को बार-बार चुनोती दे रहे है। किन्तु पुलिस चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक

कल लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' से जुड़ा विधेयक पेश कर दिया है। विपक्ष इस विधेयक के विरुद्ध है, जबकि मायावती ने विधेयक का समर्थन पहले ही कर दिया था। देश में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी। कांग्रेस इस विधेयक को असंवैधानिक बता रही है। जयराम रमेश ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी वन नेशन वन इलेक्शन को लोकतंत्र के बुनियादी स्वरूप के खिलाफ मानती है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विधेयक को वापस लेने की मांग की है। विपक्ष ने इस विधेयक को संविधान पर हमला बताया है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि ये संविधान को खत्म करने का एक और षड़यंत्र है। अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि एक देश-एक चुनाव का फैसला सच्चे लोकतंत्र के लिए घातक साबित होगा। ये देश के संघीय ढांचे पर भी एक बड़ी चोट करेगा। इससे क्षेत्रीय मुद्दों का महत्व खत्म हो जाएगा और जनता उन बड़े दिखावटी मुद्दों के मायाजाल मे फंसकर रह जाएगी, जिन तक उनकी पहुँच ही नहीं है। मायावती ने रविवार को लखनऊ में प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि अगर बीजेपी अगले दो से तीन दिन के अंदर एक देश एक चुनाव का बिल लाती है, तो बहुजन समाज पार्टी उसका समर्थन करेगी। मायावती ने भाजपा से ज्यादा कांग्रेस और सपा को कोसा। उन्होंने कहा कि जब बाबा साहब ने इस्तीफा दिया और लोकसभा में अपनी बात रखनी चाही, तो कांग्रेस ने उन्हें बोलने नहीं दिया। उन्होंने अपनी बात मीडिया में रखी। कांग्रेस पार्टी ही की सरकार थी, उसके बावजूद भी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को हर मामले में पात्र रहने के बावजूद भारत रत्न नहीं दिया गया। वन नेशन वन इलेक्शन पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सारी व्यवस्था दे दी है। पुरानी परंपरा भी बता दी है। मंत्रीजी ने भी कह दिया है कि जेपीसी गठित होगी। जेपीसी के समय व्यापक चर्चा होगी और सब दल के सदस्य होंगे, जब बिल आएगा, तो सबको पूरा समय दिया जाएगा और डिटेल चर्चा होगी, जितने दिन आप चर्चा चाहेंगे, उतने दिन का समय दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि एक देश, एक चुनाव बिल अप्रत्यक्ष रूप से लोकतंत्र की राष्ट्रपति शैली लाएगा। इससे क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी। तेलुगु देशम पार्टी सांसद और केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अपनी पार्टी की तरफ से एक देश, एक चुनाव बिल का समर्थन किया। शिवसेना उद्धव गुट के नेता अनिल देसाई ने बिल का विरोध किया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने कहा मेरा सुझाव है कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को संसदीय कमेटी को भेजा जाना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल कोई चुनाव सुधार नहीं है। यह एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए लाया गया है। वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश के लिए जरूरी है। आजादी मिलने के बाद वन नेशन वन इलेक्शन ही था। एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करने के लिए कोई भी वैध बिंदु पेश नहीं कर पा रही है। कांग्रेस का कहना है कि यह असंवैधानिक है और संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचाता है, जब नेहरू जी प्रधानमन्त्री थे, तब तो यही था, तो कांग्रेसी क्या कहना चाहते हैं कि नेहरू जी असंवैधानिक हैं, हिम्मत है तो बोलें। यह संविधान का 129 वां विधेयक है। देश में लोकसभा और विधानसभा के इलेक्शन एक साथ कराने पर केंद्र सरकार का फोकस है। संविधान के संशोधन विधेयक में लोकसभा और विधानसभा के चुनावों को एक साथ कराने का प्रावधान है। भारतीय जनता पार्टी इस समय सबसे बड़ी पार्टी है, तो ऐसा माना जा रहा है कि जेपीसी की अध्यक्षता भी वही करेगी। जेपीसी सभी सियासी दलों की राय लेगी और गहन चर्चा भी करेगी। इस बिल पर ज्यादा से ज्यादा दलों की सहमति बनाने की भी कोशिश की जाएगी। इसके बाद में कमेटी अपनी रिपोर्ट लोकसभा के स्पीकर को सौंप देगी। इतना ही नहीं जेपीसी ने इसे हरी झंडी दिखा दी, तो यह विधेयक संसद में लाया जाएगा। राज्यसभा और लोकसभा से पास हो जाने के बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति के साइन होने के बाद में वन नेशन वन इलेक्शन कानून बन जाएगा, लेकिन इन सारी प्रक्रियाओं में समय लगेगा। सरकार को विपक्ष के सांसदों की जरूरत भी पड़ेगी। वन नेशन वन इलेक्शन बिल की कवायद कोई आज या कल की बात नहीं है बल्कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमन्त्री के तौर पर पहली बार पद ग्रहण किया था, तो उसी वक्त ही से वन नेशन-वन इलेक्शन पर उन्होंने चर्चा की शुरूआत कर दी थी। पीएम मोदी ने इसे देश की जरूरत बताया था। उन्होंने तर्क दिया था कि बार-बार देश में इलेक्शन होने से देश के विकास पर गहरा असर पड़ता है। साल 2015 में लॉ कमीशन ने भी सुझाव दिया था कि वन नेशन वन इलेक्शन से काफी पैसों की बचत हो सकती है। साल 2019 में पीएम नरेन्द्र मोदी दोबारा सत्ता पर काबिज हुए। उन्होंने सभी सियासी दलों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए पहली बार मीटिंग बुलाई, लेकिन कुछ भी नतीजा नहीं निकल पाया था। साल 2024 में फिर से लोकसभा इलेक्शन होने वाले थे। इससे पहले ही मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई। इसमें पूर्व राष्ट्रपति के अलावा वकील हरीश साल्वे, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत कई सदस्य शामिल थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की समिति ने वन नेशन वन इलेक्शन पर 18,626 पन्नों की एक रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। इसके बाद ही मोदी सरकार आगे बढ़ी है और इसे कैबिनेट ने पास किया है। किसी सामान्य बिल को पास करवाने के लिए सामान्य बहुमत की ही जरूरत होती है। वहीं संविधान संशोधन से जुड़े बिल के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। लोकसभा में 543 सदस्यों के लिहाज से दो तिहाई का आंकड़ा 362 होता है, लेकिन इस सदन में एनडीए के 291, इंडिया अलायंस के 234 और अन्य पार्टियों के 18 सदस्य हैं। वहीं राज्यसभा में अभी कुल 231 सदस्य हैं, जिसमें दो तिहाई का आंकड़ा 154 होता है। इस सदन में 6 नामित समेत एनडीए के 118, इंडिया अलायंस के 85 और अन्य दलों के 34 सदस्य हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"सियासत" "सनक" "जहालत" "हिमाकत"

न जाने क्यों सियासतदां सनक में चूर बैठे हैं,
सियासत में जहालत का दखल क्यों बढ़ गया यारो?
हैं बिजली चोर भी लेकिन पकड़ उनकी नहीं होती,
सियासत में हिमाकत का दखल क्यों बढ़ गया यारो?

# लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस भर्ती परीक्षा-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराया जाये : डीएम

## - सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी पीसीएस परीक्षा



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (सूवि.)। समन्वय प्रवेक्षक प्रकाश चंद एवं डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर/स्टैटिक/एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई। उन्होंने ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा-2024 दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को जनपद के 22 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा 02 पालियों में ली जाएगी। प्रथम पाली 09:30 से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराहन 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं सह केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा में जिन कार्मिकों की ड्यूटी लगी है, वह परीक्षा से पूर्व निर्धारित समय पर अपनी-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बढ़ती जाए। कोई भी बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करेगा तथा मोबाइल पर भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि नकल विहीन परीक्षा करना हम सब का दायित्व है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पूर्व परीक्षाओं की भांति इस परीक्षा को भी पूरी लगन और निष्ठा के साथ संपन्न कराना है। संपूर्ण परीक्षा सीसीटीवी कैमरा के निगरानी में संपन्न कराई जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने 20 दिसंबर तक संबंधित कार्यदाई संस्था को परीक्षा केंद्र पर कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। समन्वय पर्यवेक्षक द्वारा माननीय आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि परीक्षा से एक दिन पहले पूर्ण व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, जिला विद्यालय निरीक्षक, एसडीम, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, एवं परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चेयरपर्सन ने जाना कंपनी बाग की व्यवस्थाओं का हाल



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल नगर के मेरठ रोड स्थित मुजफ्फरनगर की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल कमला नेहरू वाटिका कंपनी बाग का कायाकल्प करने की तैयारी में जुटी है। तमाम व्यवस्थाओं के बीच चेयरपर्सन अपने स्वप्निल प्लान को ले-आउट का रूप देने के साथ इसे धरातल पर लाने की तैयारी में जुटी हैं। मंगलवार सुबह इन्हीं तैयारियों का सच जानने के लिए चेयरपर्सन वार्ड सभासदों के साथ कंपनी बाग में पहुंची और कम्पनी बाग को थीम पार्क में बदलने के लिए हो रही तैयारियों के साथ साफ सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं मालियों और सफाई कर्मियों की हाजिरी चैक की। उन्होंने इस बीच सफाई पर विशेष जोर देते हुए यहां किसी भी स्तर पर इसमें चूक न किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड सभासद मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे। बता दें, चेयरपर्सन की ओर से तैयार योजना में आने वाले दिनों में कम्पनी बाग में बोटिंग एरिया, जंगल थीम के साथ टॉय ट्रेन की यात्रा का रोमांच आदि सब कुछ शामिल करने की तैयारी है। अभी इस पर 3.50 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, लेकिन इस बजट को बढ़ाया जा सकता है।

# अखिल भारतीय महिला वैश्य अग्रवाल महासभा ने दिखाया जज्बा

### फैशन शो में दिखाई प्रतिभा



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। आशीर्वाद बैंकटहॉल में अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा महिला इकाई द्वारा भव्य एवं शानदार फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया। शहर में इस तरह का भव्य आयोजन प्रथम बार हुआ, जिसमें वैश्य समाज के परिवारों की महिलाओं ने फैशन के रंगों को रैंप पर उतार कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में संरक्षक मधु गर्ग, अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल, महामंत्री मोनिका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्नेह गर्ग, कार्यक्रम संयोजक प्रिया माहेश्वरी, ईशा गोयल, पायल गर्ग, शुभा अग्रवाल ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्कृति एवं आधुनिकता को समावेश किये हुए भव्य फैशन शो के आयोजन में पूर्व चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल समेत सभी आयु वर्ग की समाज की महिलाओं द्वारा अभूतपूर्व उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया गया। सभी ने कार्यक्रम को हृदय से सराहा व अंत में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया।

## मॉस्को बम धमाके में रूस के परमाणु सुरक्षा बल प्रमुख की गई जान

मॉस्को, 17 दिसंबर (एजेंसी)। रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें रूस के परमाणु, जैविक और रासायनिक सुरक्षा बलों के प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की मौत हो गई। किरिलोव की क्रेमलिन के पास रियाजांस्की प्रॉस्पेक्ट पर स्थित एक अपार्टमेंट के बाहर हत्या कर दी गई। रूसी जांच एजेंसियों के अनुसार, धमाका एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाए गए बम के कारण हुआ। बम फटने से किरिलोव और उनके एक सहायक की जान चली गई। रूस की समाचार एजेंसी तास ने एक कानून प्रवर्तन अधिकारी के हवाले से बताया कि विस्फोटक उपकरण की क्षमता करीब 300 ग्राम टीएनटी के बराबर थी।

# पेंशनर्स दिवस पर डीएम ने सुनी पेंशनर्स की समस्याएं





मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। पेंशनर्स दिवस पर जिला कोषागार द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित चौधरी चरणसिंह सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम उमेश मिश्रा एवं संचालन कोषागार के वरिष्ठ सहायक शिवकुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस विशेष सभा में जनपद मुजफ्फरनगर के सैकड़ों पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स ने सहभागिता की। जिला पंचायत सभागार में चौ. चरण सिंह सभागार में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन मुजफ्फरनगर के जनपद अध्यक्ष इंजी. बीआर शर्मा ने पेंशनर्स की विभिन्न समस्याएं जैसे पेंशनर्स हेल्प डेस्क की सुविधा प्रदान करना एवं कोषागार में पेंशनर कक्ष का नवीनीकरण करने आदि से जुड़ी समस्याओं पर अपने विचार प्रकट किए। ऑर्गनाइजेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. डीपी जैन की ओर से 30 जून में 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त साथियों को एक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना, मेडिकल बिलों से आयकर की अनावश्यक कटौती एवं पेंशन राशिकरण की वसूली अवधि को 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष किए जाने की मांगे रखी।

इन सभी विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित डीएम एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जिला स्तर की सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने हेतु सभी विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिलाया कि कोई भी पेंशनर अपनी किसी समस्या के लिए किसी समय उनसे संपर्क कर सकता है एवं उन समस्याओं के निराकरण के लिए विश्वास दिलाया। इस दौरान मुख्य रूप से इंजी. बीबी गुप्ता, डीके गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, एससी गर्ग, ब्रज मोहन अग्रवाल आदि सदस्यों ने भाग लिया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम एंजल सिंह ( ANGEL SINGH) था जो कि मैंने उसका नाम बदलकर प्रिशा बालियान ( PRISHA BALIYAN) रख लिया है। भविष्य में उसे प्रिशा बालियान (PRISHA BALIYAN) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

देवराज कुमार

निवासी- म.न. 946, पुरूषार्थी कॉलोनी, सिविल लाइन्स, दक्षिणी, मुजफ्फरनगर।


## वाराणसी से चलेगी मेरठ-लखनऊ वंदे भारत

वाराणसी, 17 दिसंबर (एजेंसी)। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को वाराणसी तक चलाए जाने की तैयारी है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से रूट का सर्वे भी करवाया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो नए साल में मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को वाराणसी तक विस्तारित कर दिया जाएगा। वाराणसी-मेरठ के बीच सीधी सेवा की यह एकमात्र ट्रेन होगी। अभी तक वाराणसी-मेरठ के बीच सीधी सेवा वाराणसी समेत आसपास के जिलों से भी नहीं है। पीडीडीयूनगर स्टेशन, आजमगढ़ और गाजीपुर से भी सीधी सेवा नहीं है। ऐसे में वाराणसी समेत पूर्वांचल के यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा होगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड से सर्वे को हरी झंडी मिल चुकी है। सर्वे के तहत इसके ठहराव, रूट और समय, किराये को लेकर मंथन चल रहा है। 31 अगस्त से मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित है। हालांकि यह ट्रेन इस रूट पर यात्रियों की कमी से जूझ रही है। इसे देखते हुए ही रेलवे बोर्ड ने वाराणसी तक संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। बीच में जनप्रतिनिधियों ने भी वंदे भारत को वाराणसी तक जोड़ने की आवाज उठाई और रेल मंत्रालय तक पत्र भी भेजा है।

# रात्रि में शहर के बाजारों में सफाई करने उतरी पालिका टीम

### - ईओ ने शुरू किया स्वच्छता के लिए नया प्रयोग, दिए टिप्स - शिवचौक पर चलाया सफाई अभियान, झांसी की रानी से कई ठेलों को कराया जब्त



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। नगर क्षेत्र में बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था को सुधारने के साथ ही स्वच्छता का वातावरण बनाने के लिए प्रयासरत चेयरपर्सन ने अब ईओ के माध्यम से शहर की सड़कों को गंदगी मुक्त करने के लिए रात्रि में सफाई अभियान का नया प्रयोग किया। प्रयोग की इस कड़ी में पहले अभियान शिव चौक के चारों दिशाओं में चलाया गया। इसके बाद इसे पूरे नगर क्षेत्र में लागू करने की योजना है। पालिका प्रशासन इस कड़ी में सफाई संग अतिक्रमण हटवाने और न मानने पर जुर्माना लगाने की दिशा में मंथन कर रहा है। लाखों खर्च करने के बाद भी शहर के बाजारों को स्वच्छ बनाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच पालिका प्रशासन ने नगर क्षेत्र में नई कवायद शुरू की है। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह इसके लिए कार्ययोजना के साथ बीती रात विशेष सफाई अभियान के लिए टीम को लेकर सड़कों पर उतर गई। उन्होंने एमआईटूसी कंपनी व पालिका सफाई कर्मियों की टीम के साथ झांसी रानी पार्क से शिव चौक, मीनाक्षी चौक और अहिल्याबाई चौराहे व भगत सिंह रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस बीच मुख्य सड़कों पर स्थाई रूप से खड़े ठेलों को हटवाकर सफाई की, वहीं चाट-पकौड़ी और फास्ट फूड बेचने वाले दुकानों के बाहर से भी कूड़ा उठवाकर सफाई कराई गई। रात्रि अभियान के बाद ईओ मंगलवार सुबह फिर टीम लेकर शिव चौक और शहर के मुख्य बाजारों में दिखाई दी। उन्होंने तमाम नालों से निकली सिल्ट को हटवाने के साथ अतिक्रमण चिन्हित करते हुए झांसी रानी पार्क और एसडी मार्किट के बाहर अवैध पार्किंग से मुक्त करने के निर्देश दिए। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि बाजारों और मुख्य मार्गों को स्वच्छ बनाने के लिए पालिका ने नया प्रयोग शुरू किया है। रात्रि में नौ बजे के बाद शिवचौक के आसपास चारों ओर विशेष टीमों को लगाकर रोज सफाई अभियान चलाया जायेगा ताकि सड़कों पर फेंका कूड़ा रात्रि में उठाकर सवेरे यहां स्वच्छता का संदेश दिया जा सके। इसके लिए दुकानदारों को भी अपने यहां पर डस्टबिन रखने के लिए जागरुक करेंगे और रात्रि में नौ बजे के बाद निकलने वाली गाड़ियों को ये दुकानदार अपना कूड़ा उपलब्ध करायेंगे। कोई भी व्यापारी, दुकानदार या ठेले-रेहड़े वाला सड़क पर या नाले-नालियों में कूड़ा नहीं डालेगा। ऐसा हुआ तो संबंधित पर जुर्माने के साथ गंदगी फैलाने पर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि रात्रि में दुकानों पर उन्हें डस्टबिन नहीं मिले, लोग सड़कों पर कूड़ा डाल रहे थे। झांसी की रानी पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराने की योजना है। यहां ठेले वाले स्थाई रूप से कब्जा किया हुए हैं। ऐसे में कुछ ठेलों को रात्रि में ही जब्त कराया गया। अभियान के लिए मंगलवार सवेरे बाजारों में घोषणा करायी है, जो उल्लंघन करेगा उसे जुर्माना देना होगा। अतिक्रमण चिन्हित करने के लिए रोस्टर बना कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। उन्होंने बताया कि यहां आउटसोर्स के 100 नए कर्मियों को पालिका ने सेवा में लिया है। मुख्य मार्गों पर भी टीम बनाकर अलग कर्मचारी लगाये जायेंगे। इसके साथ ही 20 कर्मचारियों की क्यूआरटी बनाई जा रही है। 50 कर्मचारी विस्तारित क्षेत्रों में, 15 कंपनी बाग व 18 नाला गैंग में लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी उपस्थिति का सत्यापन वो स्वयं करेंगी।

## गलत दिशा में गाड़ी चलाने के लिए बादशाह की कार का चालान, 15500 रुपये का लगा जुर्माना

गुरुग्राम, 17 दिसंबर (एजेंसी)। रैपर और बॉलीवुड सिंगर बादशाह पर गलत दिशा में गाड़ी चलाने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस ने जुमार्ना लगाया है।

बादशाह यहां सेक्टर 68 में आयोजित एक म्यूजिक कंसर्ट में आए थे। इसी दौरान रॉन्ग साइड चल रही उनकी थार का पुलिस ने 15500 रुपये का चालान काटा है। गुरुग्राम पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस को सोहना रोड पर तीन वाहनों को रॉन्ग साइड में चलाने की सूचना मिली थी, जहां एक म्यूजिक कंसर्ट आयोजित हो रहा था। पुलिस ने इन तीन वाहनों में एक वाहन का गलत साइड में चलाने की वजह से चालान किया है। मामले की जांच में पता चला कि यह काफिला गायक बादशाह का था। अन्य दो वाहनों पर अस्थायी पंजीकरण नंबर थे, आगे की जांच जारी है।

## सीएमओ ने परखी अस्पताल की चिकित्सीय व्यवस्था

### - मदीना कॉलोनी के परिवार से जाना हाल

मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। सोमवार को मुजफ्फरनगर जनपद का बतौर सीएमओ चार्ज संभालते ही मंगलवार को अलर्ट मोड पर दिखाई दिए। नवागत सीएमओ डॉ. तेवतिया ने सुबह अस्पताल पहुंच व्यवस्थाओं को परखने के साथ विभिन्न वार्डो का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार की सेवानिवृत्ति के बाद सोमवार को जनपद के नए सीएमओ के रूप में पदभार संभालने के बाद डॉ. सुनील तेवतिया ने मंगलवार सुबह जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बीच वह इमरजेंसी में बीते दिवस भर्ती मदीना कॉलोनी निवासी परिवार से भी मिले।

उन्होंने सीएमएस को बुलाकर मरीजों का हाल जाना। इस दौरान उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद ही छुट्टी देने के निर्देश दिए। बता दें, मदीना कॉलोनी में एक परिवार के पांच लोग बेहोशी की हालत में मिले थे। रविवार रात में सोते हुए दम घुटने के कारण बेहोश हुए सभी परिवार के लोगों को पड़ोसी व रिश्तेदारों ने रात में अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार सुबह सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने उनका हाल जानने के लिए अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने परिवार के सभी लोगों से बात भी की। इस दौरान सीएमएस डॉ. राकेश सिंह और वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. योगेंद्र त्रिखा आदि मौजूद रहे। सीएमओ ने सीएमएस को सभी मरीजों के पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद छुट्टी देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


आवश्यकता है

बुटीक में एक लड़की की जिसे सिलाई - बुनाई का कार्य आता हो।

MAHARANI
Unveil the Queen within

EXPERIENCE THE ART OF LUXURY WOMEN CLOTHING

सम्पर्क करें-7060345660


# बिंदल पेपर मिल की स्कूली बच्चों ने की एक्सपोजर विजिट



मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। मंगलवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत विकास क्षेत्र खतौली के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की एक एक्सपोजर विजिट खंड शिक्षा अधिकारी खतौली पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में की गयी। इस एक्सपोजर विजिट के तहत बच्चों को बिंदल पेपर मिल भोपा रोड का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विजिट में विकास क्षेत्र खतौली के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे। मंगलवार को बिंदल पेपर मिल प्रबंधन ने स्कूली बच्चों के अच्छे तरीके से मिल भ्रमण की व्यवस्था की। इस दौरान बिंदल पेपर मिल के इंजीनियर ने बताया कि किस प्रकार पेपर को तैयार करने से पूर्व उसके लिए लुगदी तैयार की जाती है तथा उसके बाद मशीनों रा उस लुगदी से पेपर तैयार कर के बड़े-बड़े जंबो रोल तैयार किए जाते हैं। उसके उपरांत उन पेपर रोल को कटर पर भेजा जाता है जहां से छोटे रोल तैयार करके दूसरे कटर पर भेजा जाता है। वहां पर स्वचालित मशीनों के द्वारा अ4, अ3 व अन्य साइज के पेपर कटिंग करके उनके रिम डिब्बों में पैक किये जाते हैं। छात्र छात्राओं को इस भ्रमण से पेपर बनाने की प्रक्रिया की जानकारी हुई जिससे उनके ज्ञान की वृद्धि हुई। इस दौरान सभी बच्चों को टी शर्ट, कैप, स्टेशनरी वितरण किया गया। सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ शैक्षिक भ्रमण किया। इस एक्सपोजर विजिट में नोडल संकुल शिक्षक कुलदीप जैन, पूनम रानी, शैलेंद्र कुमार, सिद्धार्थ रघुवंशी, आरती सिंह रितु जैन, सुशीला कुमारी, राजदीप, रविंद, हरिप्रकाश, मीनाक्षी, शिव कुमार, संदीप कुमार, निकिता रानी, अक्षय, रवि, कमलजीत आदि उपस्थित रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा रास्ते में बच्चों तथा अध्यापकों के लिए जलपान की व्यवस्था करायी गयी।



## डीएस पब्लिक में शिल्प कला एवं हस्तशिल्प जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित शिल्प कला प्रदर्शनी एवं हस्तशिल्प कला जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिल्प कला के विषय में जानकारी देते हुए भविष्य की संभावनाओं के विषय में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में हस्त कला सेवा केंद्र सहारनपुर से हैंडीक्राफ्ट प्रमोशन ऑफिसर योगेश पाठक तथा स्वयं सेवी संगठन ग्रामोद्योग सामाजिक संस्थान डायरेक्टर, शिल्प कला में राज्य पुरस्कार विजेता अर्चना कश्यप सहित हस्त शिल्प सेवा केंद्र के लोअर डिवीजन क्लर्क पवन कुमार एवं काष्ठ कला में राज्य पुरस्कार विजेता इकराम, महमूद अहमद व अमजद सहित सौरभ बालियान, पवन कुमार व आकाश बालियान उपस्थित रहे। हस्तशिल्प कला सेवा केंद्र सहारनपुर के हैंडीक्राफ्ट प्रमोशन ऑफिसर योगेश पाठक ने बच्चों को विषय से संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिल्पी कार्ड के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी 18 वर्ष से अधिक आयु का नागरिक, जिसमें हस्त शिल्प कला से जुड़ा कोई हुनर है वह शिल्प सेवा केंद्र पर शिल्पी कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है। राज्य पुरस्कार विजेता अर्चना ने भी विद्यार्थियों को जरी से संबंधित डिजाइन दिखाकर उन्हें इस क्षेत्र में अपना हुनर दिखाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन तथा स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने भी ज्ञान से भरपूर कार्यक्रम को विद्यार्थियों हेतु विद्यालय में आयोजित करने के लिए टीम का आभार प्रकट किया।

## सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर मैदान तैयार

### - नामांकन नाम वापसी के बीच कनिष्ठ सदस्य ने लिया नाम वापस
### - 20 दिसम्बर को अब 390 मतदाता कर सकेंगे मतदान

मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)। सिविल बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी वर्ष 2025 के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जाने और जांच के बाद चुनावी समर में किस्मत आजमाने के लिए महारथियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। मंगलवार को नामांकन पत्र वापसी के बीच कनिष्ठ सदस्य कु. निषा सैनी द्वारा अपना नाम वापस ले लिया है।

इसके साथ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सहसचिव प्रशासन व सहसचिव पुस्तकालय, कोषाध्यक्ष पद पर आमने-सामने और वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्य के छह-छह पदों पर 21 प्रत्याशी चुनाव में शेष रह गए हैं। सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए मंगलवार को 36 पदों पर होने वाले चुनाव में इस बार आमने-सामने चुनाव की स्थिति बन गई है। मंगलवार को इन दावेदारों में सिविल बार एसोसिएशन के कनिष्ठ सदस्य के रूप में कु. निषा सैनी के नामांकन वापसी के बाद 33 प्रत्याशियों में अध्यक्ष पद पर अशोक कुशवाहा व सुनील मित्तल, उपाध्यक्ष पद पर संजय शर्मा, सुनील गुलियान, महासचिव पद पर बिजेन्द्र सिंह मलिक व राज सिंह रावत चुनाव मैदान में डटे हैं। इसके अलावा सहसचिव प्रशासन पद पर अन्नू कुच्छल और अभिषेक खन्ना, सह सचिव पुस्तकालय पद पर ध्रुव मित्तल व प्रवीर कुमार संगल तथा कोषाध्यक्ष पद पर निपुण जैन व राधेश्याम गर्ग किस्मत आजमाने को मैदान में डटे हैं। वहीं वरिष्ठ सदस्य पद पर अब अनीता रानी, अरविन्द कुमार, चन्द्र प्रकाश जैन, देव शर्मा, हरीश कुमार, कुलदीप सिंह, खुशबू सिंह, राजेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, सोहन लाल, विजय कुमार व विपिन कुमार एवं कनिष्ठ सदस्य पद पर अनिल कुमार, कु. अनु, कु. अन्नु रानी, हिमांशु कुमार, कृष्ण पाल, नैना त्यागी, राकेश कुमार, रजम कुमार, संत कुमार, संजीव कंसल व सुनील कुमार आदि चुनावी समर में हैं। एल्डर चुनाव कमेटी के अवध बिहारी लाल गुप्ता, मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद जैगम मियां जैदी व चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार त्यागी, बिजेन्द्र प्रताप ने बताया कि सिविल बार एसो. का मतदान 20 दिसम्बर व मतगणना 21 दिसम्बर को होगी। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन के आदेश पर मतदाता सूची में एक नाम शामिल होने के बाद अब कुल मतदाताओं की संख्या 390 हो गई है, जो 20 दिसम्बर को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।


### शोक संदेश



बड़े ही दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी डॉ0 संतोष प्रकाश जैन जी (कुटेसरा वाले) का स्वर्गवास दिनांक 14.12.2024, दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

शोक सभा :- दिनांक:-19.12.2024, दिन-बृहस्पतिवार को दोपहर 2 बजे होगी।

स्थान :- अर्पण बैंकट हॉल, महावीर चौक, मुज़फ़्फ़रनगर

शोकाकुल परिवार :-
दीपक जैन, राजेश जैन (पुत्र)
डॉ0 राकेश जैन, चंद्रभूषण जैन (पुत्र)
पीयूष जैन, अंकित जैन (पौत्र)
रोहन जैन, शरद जैन, वैभव जैन (पौत्र)
अर्नव जैन, प्रक्षम जैन (प्रपौत्र)

प्रतिष्ठान:-
कीर्ति मेडिकल स्टोर, मैजिक हेल्थकेयर





जय सच्चिदानन्द

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि मेरी प्रिय पुत्रवधु श्रीमति पूनम धमीजा (धर्मपत्नी प्रेम धमीजा) का आकस्मिक निधन दिनांक 9 दिसम्बर 2024 दिन सोमवार को हो गया है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

-: रस्म पगड़ी :-
दिनांक 19 दिसम्बर 2024
दिन- गुरुवार
समय- 2:00 से 3:00 बजे

-: स्थान :-
बारात घर
गांधी कॉलोनी, पचैण्डा रोड
मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-
अमरलाल धमीजा- कैलाश धमीजा (ससुर-सास)
सुरेश धमीजा- सोनिया धमीजा (देवर-देवरानी)
सम्पन्न धमीजा (पुत्र)
अतुल, विपुल धमीजा (भतीजे)
विभु - अर्पित भाटिया (पुत्री-दामाद)
सुचेता - ऋषभ डाबर (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त धमीजा परिवार

-: प्रतिष्ठान :-
समीर फुटवियर, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर
सुचेता सिल्क मिल्स, सूरत

सम्पर्क सूत्र - 9358565600
8791330400

## विशेष न्यूज

### रेल रोको आंदोलन से पंजाब में थम जाएंगे ट्रेनों के पहिए

**चंडीगढ़, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** पंजाब-हरियाणा की सीमा पर शंभू-खनौरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के हक में बुधवार को पूरे पंजाब में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। पंजाब के हर जिले में 18 दिसंबर को किसान रेल पटरियों पर धरना देंगे। किसानों के इस आंदोलन के चलते आमजन को खासी परेशानी होने वाली है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 22 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार अभी तक किसानों से बात नहीं की। मोदी सरकार किसानों के मुद्दों को डीरेल करना चाहती है। पंधेर ने कहा कि एक दिन पहले सोमवार को हरियाणा और अन्य राज्यों में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला, उनका धन्यवाद करते हैं। अब 18 दिसंबर (बुधवार) को रेल रोको आंदोलन को लेकर पूरा पंजाब एकजुट हो गया है। बुधवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक रेल ट्रैक को अवरुद्ध किया जाएगा। जहां-जहां रेल ट्रैक और स्टेशन हैं वहां वहां लाखों लोग निकलें और अपने पंजाबी किसानों का साथ देने पहुंचे। रेलों का पूरी तरह से चक्का जाम करे ताकि केंद्र सरकार की जड़ें हिल जाएं। पंधेर ने कहा कि इस दौरान करीब 200 जगहों पर ट्रेनें रोकने का कार्यक्रम बनाया गया है।

### बागपत पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, ग्रामीणों की हालत बिगड़ी, स्कूलों में करनी पड़ी छुट्टी

**बागपत, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** बागपत पुलिस लाइन में मंगलवार सुबह पुलिस के अभ्यास के दौरान छोड़े गए आंसू गैस के गोलों ने निवाड़ा गांव के लोगों की हालत खराब कर दी। इसमें निवाड़ा गांव में बच्चों समेत 50 से अधिक लोगों की हालत बिगड़ गई और स्कूल की छुट्टी कर दी गई। इसको लेकर निवाड़ा गांव के लोगों ने हंगामा किया। निवाड़ा गांव के रहने वाले शब्बीर अली, सलीम, रियाज, फरीद आदि ने बताया कि मंगलवार की सुबह पुलिस लाइन में अभ्यास कराया गया। इसमें आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। इसके थोड़ी देर बाद ही गांव का वातावरण खराब हो गया और सभी लोगों को खांसी उठने, आंखों में जलन होने की समस्या बन गई। इसके बाद गांव के सरकारी स्कूल में भी बच्चों की हालत बिगड़ गई और बच्चों की स्कूल से छुट्टी करनी पड़ी।

### मुरादाबाद में तेज रफ्तार बोलेरो ने पति-पत्नी और दो मासूमों की ली जान

**मुरादाबाद, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** दिल्ली-हाईवे पर दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। पाकबड़ा थाने के सामने यह हादसा उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े परिवार को तेज रफ्तार बोलरो ने टक्कर मार दी पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे पाकबड़ा थाने के सामने काशीपुर थाना गंज, रामपुर निवासी फुरकान अपनी पत्नी सीमा और दो मासूम बच्चों के साथ सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलरो ने चारों को कुचल दिया। टक्कर के बाद बोलरो आगे खड़े ट्रक में जा घुसी, जिससे धमाके जैसी आवाज आई। हादसे की भयावहता से मौके पर हड़कंप मच गया।

### व्हिप के बावजूद नदारद रहे 20 भाजपा सांसदों को पार्टी भेजेगी नोटिस

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को 'वन नेशन-वन इलेक्शन' विधेयक पेश किया गया। इस मौके पर सदन में अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को भाजपा नोटिस भेज सकती है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने मंगलवार को अपने लोकसभा सदस्यों को सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हीप जारी किया था। जब विधेयक के लिए वोटिंग हुई तो भाजपा के 20 सांसद सदन में मौजूद नहीं थे। इसी को लेकर पार्टी ने इन लोगों को नोटिस भेजने का फैसला लिया है।

### मुजफ्फरनगर टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बुस.)।** मुजफ्फरनगर टैक्स बार एसोसिएशन रजि. के वार्षिक चुनाव में नई कार्यकारिणी निर्विरोध ढंग से चुनी गई। टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव वर्ष 2025 के लिए निर्धारित अवधि में कुल 13 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त नामांकन-पत्रों की निर्धारित अवधि में जांच की गयी। जांचोपरात सभी नामांकन-पत्र सही पाये गये। घोषित निर्धारित अवधि में कोई भी नामांकन वापस नहीं हुआ है। सभी पदों के लिए एक-एक ही वैध नामांकन-पत्र प्राप्त होने के कारण सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इनमें अध्यक्ष साधुराम शर्मा, उपाध्यक्ष नरेश कुमार, महासचिव अमित गर्ग, सचिव (आयकर) अरूण कुमार अग्रवाल, सचिव (वाणिज्यकर) आसिफ अली, सचिव वित्त शशांक त्यागी चुने गए। सदस्य कार्यकारिणी तसलीम अहमद, मुकेश बंसल, हरबीर सिंह, नीरज पालीवाल, सागर कुमार, आस मौहम्मद, अमित मित्तल को चुना गया है।

### सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहने वाला बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नोएडा, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले एक आरोपी को कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस, मोबाइल और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। नोएडा के एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक, झूठ और भड़काऊ बातें कही जा रही थीं।

# जिला अधिकारी ने हैदरपुर वेटलैंड का निरीक्षण कर प्रवासी पक्षियों के कलरव का आनन्द लिया





**रामराज, 17 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के हैदरपुर वेटलैंड में पहुंचे जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने हैदरपुर वेटलैंड का निरीक्षण कर प्रवासी पक्षियों के कलरव का आनन्द लिया तथा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा गंगा बैराज पर स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर पहुंचे तथा बिजनौर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों जनपदों के गांवों को चिह्नित करने पर विचार किया। इसके बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, डीएफओ कन्हैया पटेल, एसडीएम सुबोध कुमार वेटलैंड पहुंचे तथा यहां करीब 6,900 हेक्टेयर में फैली बारहसिंगा वन्य जीव अभ्यारण्य के अंतर्गत हैदरपुर वेटलैंड (रामसर साईट) के वाच हट, वाच टॉवर से वेटलैंड का भ्रमण कर यहां पहुंचे करीब 3000 प्रवासी पक्षियों के कलरव का आनन्द लिया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वेटलैंड में बनाए गए रेस्टोरेंट को ईको रेस्टोरेंट एवं ईको डेवलपमेंट समिति के माध्यम से अति शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार को विभिन्न विभागों से सहयोग लेकर गंगा में एकत्र जलकुंभी को साफ कराने के निर्देश दिए तथा जलकुंभी का सद्उपयोग करने के लिए उस पर अध्ययन करने तथा ग्रेलेग गूज बर्ड फेस्टिवल का आयोजन करने के सम्बंध में रणनीति बनाने को कहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने डीएफओ से वेटलैंड में वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने तथा पटेरे घास को काटने वालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हैदरपुर वेटलैंड की आबो हवा हजारों किलोमीटर दूर प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करती है, यहां का वातावरण मन को शांति और सुख का एहसास कराने वाला है। इसी वातावरण का आनंद लेने के लिए विदेशों से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर प्रवासी पक्षी यहा पहुँचकर मेहमान नवाजी का जमकर लुत्फ उठाते हैं। उन्होंने पक्षी विशेषज्ञ आशीष लोया से यहां पर बर्ड फेस्टिवल का भव्य आयोजन कराने तथा स्कूल कॉलेज के बच्चों को बुलाकर उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान डीएम ने यहां पर सैंकड़ों ग्रेलेग गूज का झुंड देखा तथा बारहसिंघा भी देखा। उन्होंने वेटलैंड क्षेत्र में पॉलीथीन पर भी प्रतिबंध लगने को कहा। इस दौरान वनक्षेत्राधिकारी आदित्य सोनकर, पक्षी विशेषज्ञ आशीष लोया, एसडीएम सुबोध कुमार, नायब तहसीलदार अजय कुमार व ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## 2013 नंगला मंदौड़ पंचायत के मामले में संजीव बालियान सहित पन्द्रह आरोपी कोर्ट में हुए पेश



**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** 31 अगस्त 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में एक पंचायत का आयोजन किया गया था, जिसमें नेताओं ने बढ़-चढ़ कर भड़काऊ भाषण दिए थे। भड़काऊ भाषण के मामले में पुलिस की तरफ से रिपोर्ट दर्ज की गई थी। भड़काऊ भाषण के मामले में तत्कालीन एडीएम प्रशासन की ओर से 19 आरोपियों के खिलाफ निजी परिवाद का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह व आयुष कुमार ने बताया कि मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है, जिसमें मंगलवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, बिजनौर के पूर्व सांसद भारतेन्दु, वर्तमान सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, पूर्व विधायक अशोक कंसल, साध्वी प्राची, श्यामपाल चेयरमैन समेत 15 आरोपी कोर्ट में पेश हुए। वहीं पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, राज्यमंत्री कपिल देव, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया व यति नरसिंहानंद की तरफ से हाजिरी माफी दी गई। एक आरोपी सचिन ने कोर्ट में पेश होकर अपने वारंट रिकॉल कराये हैं। अधिवक्ताओं ने बताया कि सभी आरोपियों के पेश न होने पर मंगलवार को आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट ने सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तीन जनवरी की तिथि नियत की है।

## योगी सरकार के 17,865 करोड़ के अनुपूरक बजट में ऊर्जा विभाग को मिले सबसे अधिक 8587 करोड़

**लखनऊ, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है। योगी सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपए के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त, कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपए का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपए, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपए, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपए, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपए, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपए, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपए, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपए, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपए और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपए का बजट प्राविधानित किया गया है।

**30 जुलाई को प्रस्तुत किया गया था पहला अनुपूरक बजट**

सरकार ने इसी वर्ष फरवरी महीने में मूल बजट किया था, जो 7.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक का था। इसके बाद योगी सरकार ने 30 जुलाई को 12,209.93 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया था। इसके 5 माह के बाद एक बार फिर योगी सरकार विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यकता के अनुरूप द्वितीय अनुपूरक बजट लेकर आई है। इस बजट को मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया।

## बनने से पहले ही टूटने लगा मुजफ्फरनगर-मोरना मार्ग

**चार साल में भी नहीं बनकर पूरा हुआ मुख्य मार्ग**



**भोपा, 17 दिसम्बर (बु.)।** पिछले कई वर्षों से मुजफ्फरनगर मोरना मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य चल रहा है, किन्तु अभी तक यह मार्ग बनकर तैयार नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग बनने से पहले ही टूटना शुरू हो गया है, जिसमें आए दिन राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग की थी। लगभग चार वर्षों से मुजफ्फरनगर मोरना मार्ग के चौड़ीकरण व निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन लगभग चार वर्षों के बाद भी अभी तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। सड़क के निर्माण को पूरा करने के लिए ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की है, किन्तु सड़क निर्माण का कार्य अभी पूर्ण नहीं हो पाया है। जहां एक ओर सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, वहीं दूसरी ओर सड़क पूरी होने से पहले ही टूटने लगी है। ग्राम ककराला जुडेश्वर महादेव मंदिर के सामने व ककराला चौराहा सहित कई जगह सड़क टूटने लगी है तथा सड़क टूटकर उसमें गड्ढे होने शुरू हो गये हैं, जिसमें आए दिन राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप ठेकेदार पर लगाया है। जगह-जगह से टूट रही सड़क में गड्ढे होने से सड़क पर रोड़ी फैल गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सड़क को शीघ्र पूरी करने व जगह-जगह से टूट रही सड़क की मरम्मत करने की मांग की है।

# संभल में एक और बंद मंदिर मिला: जुटने लगे लोग... होने लगी पूजा-पाठ

**संभल, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन मोहल्ला कच्छावान में 1982 के दंगों के चलते बंद हुए बालाजी मंदिर को पुलिस और प्रशासन ने मंगलवार को दोबारा खुलवा दिया है। सुबह पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचने के बाद मंदिर के कपाट खोले गए। मंदिर खुलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पूजा-अर्चना शुरू हो गई। बालाजी मंदिर के गर्भगृह में हनुमान जी की प्रतिमा के साथ राधा-कृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित है। हर-हर महादेव के नारों के बीच श्रद्धालु पूजा कर रहे हैं। आमतौर पर सूनसान रहने वाला इलाका अब भक्तों की भीड़ और नारों से गुंजायमान हो गया है। स्थानीय निवासी सुमित रस्तोगी ने बताया कि यह मंदिर करीब 200 वर्ष पुराना है। 1982 के दंगों के दौरान लोग परेशान होकर यहां से पलायन कर गए थे। उस समय इलाके में मिश्रित आबादी थी, लेकिन वर्तमान में यहां केवल मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं। इस बीच खग्गू सराय स्थित शिव मंदिर के परिसर में बने प्राचीन कुएं की खुदाई के दौरान सोमवार को मिली भगवान शिव, गणेश, माता पार्वती और कार्तिकेय की खंडित मूर्तियों को संरक्षण में लेकर जांच शुरू कर दी है। 1978 के दंगों के बाद खग्गू सराय में रहने वाले 40 रस्तोगी परिवार अपने मकान बेचकर पलायन कर गए थे। इसके बाद मंदिर बंद हो गया और प्राचीन कुएं को भी अटा दिया गया। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि प्राचीन कुएं की खुदाई के दौरान मूर्तियां मिली हैं। मूर्तियों के खंडित होने के कारणों की जांच की जा रही है।

## संभल में प्राचीन कुए को बताया जामा मस्जिद की मिल्कियत, कमेटी ने योगी सरकार और नगर पालिका को भेजा नोटिस

**संभल, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** जामा मस्जिद के नजदीक स्थित कुएं को सार्वजनिक तरीके से खुलवाने पर मस्जिद कमेटी ने सिविल कोर्ट के माध्यम से प्रदेश सरकार और नगर पालिका को नोटिस भेजा है। यह नोटिस अन्तर्गत धारा 80 व्यवहार प्रक्रिया संहिता एवं धारा 326 म्यूनिसिपलिटीज एक्ट 1916 के तहत है। अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने नोटिस जारी कराया है। जामा मस्जिद सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया कि शाही जामा मस्जिद के पूर्वी दीवार के नीचे एक प्राचीन कुआं है। जो मस्जिद की मिल्कियत है और मस्जिद परिसर का हिस्सा है। प्राचीन काल से ही जिसके पानी से मुस्लिम समाज के लोग वजु करके नमाज और इबादत करते हैं। जिसमें दीर्घ काल से मुस्लिम समाज को पानी लेने के लिए मोटर भी लगी हुई है। किसी भी गैर मुस्लिम समाज की कोई रस्म इस कुएं पर अदा नहीं होती है। सदर ने बताया कि पालिका इस कुएं के स्वरूप को बदलना चाहती है। सोमवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में चार प्राचीन कुएं और मिले हैं। लोगों ने अतिक्रमण कर कुओं का पाट दिया था। पालिका ने कुओं से अतिक्रमण हटवाकर संवारने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल खोदाई कराई जा रही है। ताकि कुओं को पुराने स्वरूप में लौटाया जा सके। नगर पालिका के ईओ मणिभूषण तिवारी ने बताया कि सोमवार को एजेंटी तिराहा, खग्गू सराय के अलावा मोहल्ला कोटगर्वी और खग्गू सराय की मस्जिद में बंद कुएं मिले हैं। अभी तक खग्गू सराय, आलम सराय, कोटगर्वी, एजेंटी तिराहा, चमन सराय में मिले कुएं की खोदाई और सफाई कराई जा रही है। इन सभी को पालिका की ओर से संवारा जाएगा। कहा कि इसके अलावा अन्य जलाशयों और कुओं को भी तलाश जाएगा। ताकि उन्हें दोबार से पहले जैसा स्वरूप दिया जाएगा। ईओ का कहना है कि कुएं जो कब्जा मुक्त कराए जा रहे हैं यह सभी पालिका की संपत्ति हैं। इन कुएं की सफाई कराई जाएगी। खुदाई भी कराई जा रही है। ईओ ने बताया कि कुएं को कवर कराया जाएगा। जाल लगाया जाएगा। गेट भी लगाएंगे। पुराने स्वरूप में लाया जाएगा। इसी क्रम में कार्य किया जा रहा है।

## संभल में 46 साल पहले हुए दंगे की फाइल फिर खुलेगी

**संभल, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** संभल में 46 साल पहले हुए दंगे की फाइल फिर खुलेगी। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने संभल जिले के अधिकारियों से दंगे से जुड़ी फाइलें मांगी हैं। मामले में अब तक की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में संभल दंगे पर वक्तव्य दिया। कहा कि 1947 से लेकर अभी तक संभल में 209 हिंदुओं की जान दंगों के चलते गई है। संभल में 29 मार्च 1978 को दंगे के दौरान आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस घटना में कई हिंदू मारे गए। भय के चलते 40 रस्तोगी परिवारों को घर छोड़कर भागना पड़ा। पलायन के गवाह अभी मौजूद हैं। मंदिर में कोई पूजा करने वाला बचा नहीं था। घटना के 46 साल बाद अभी तक किसी को सजा तक नहीं मिली। प्रशासन और स्थानीय लोगों की सक्रियता से 46 साल से बंद मंदिर के पट खुले। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। कमिश्नर का कहना है कि इस बारे में किस स्तर पर चूक हुई है, यह जानने के लिए दंगे से जुड़ी फाइलें मंगाई गई हैं। दंगे के मामले में गवाहों को कितनी बार पेश किया गया। अदालत के वारंट की स्थिति क्या रही। साक्ष्यों को इकट्ठा करने में किस स्तर पर लापरवाही बरती गई है। फाइलें देखने के बाद इस सभी बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**संभल में दो महीने लगा था कर्फ्यू :** संभल में वर्ष 1978 का दंगा 29 मार्च को हुआ था। इस दंगे में शहर जल उठा था। हालात को संभालने के लिए प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया था। फिर भी शहर में दोनों समुदायों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। ऐसी स्थिति में कर्फ्यू का अंतराल बढ़ता गया। संभल में दो महीने तक तक कर्फ्यू लगा रहा। वर्ष 1976 में संभल में मस्जिद के इमाम की हत्या के बाद बवाल हो गया था। उस वक्त प्रशासन ने हालात काबू कर लिया था। लेकिन शहर में तनाव बरकरार था।

राजनीतिक महत्वकांक्षी को लेकर मुस्लिम लीग के एक नेता ने बाजार में दुकानों को बंद करना शुरू किया था। दूसरे समुदाय के व्यापारियों ने इसका विरोध किया। मारपीट के हालात बनने पर नेता के साथी उन्हें छोड़कर मौके से भाग निकले। इन्हीं साथियों ने नेता के मारे जाने की अफवाह फैला दी। इसके बाद दंगा भड़क गया। दुकानों में लूटपाट, पथराव, आगजनी शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरा शहर जल उठा था। संभल में बंद मंदिर मिलने के बाद 1978 का दंगा फिर से चर्चाओं में आ गया है। जानकार बताते हैं दंगे में कई लोग मारे गए थे। इस दंगे में करीब 169 मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसमें तीन एफआईआर पुलिस की ओर से दर्ज करा गए थे। आजादी के बाद संभल 16 बार दंगों की आग में झुलस चुका है। इसमें कई बार सांप्रदायिक दंगे भी हुए। 1978 के दंगे में संभल कई दिन झुलसा था। इससे लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। शहर में असुरक्षा का माहौल बन गया। इसके बाद दूसरे समुदाय के लोग औने पौने दामों पर अपने मकान बेचकर दूसरे मोहल्लों में चले गए थे।

## 53 साल पुराने धार्मिक स्थल को मुक्त कराने की योगी सरकार से गुहार



**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** नगर कोतवाली के मिमलाना रोड पर एक धार्मिक स्थल पर कब्जे का मामला सामने आया है। उक्त कब्जा मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति द्वारा किया गया है। इस मामले में मंगलवार को जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचकर बाकायदा तथ्यों के आधार पर शिकायत की गयी। गांधी कॉलोनी के अनंतेश्वर महादेव मंदिर के महात्मा सर्वानंद पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1971 से गांधी कॉलोनी के पूर्व महात्माओं की समाधि मिमलाना रोड स्थित एक धार्मिक स्थल पर है। पिछले कई वर्षों से उक्त धार्मिक स्थल समाधियों पर जब किसी का जाना नहीं हुआ तो पिछले सप्ताह अपने साथियों के साथ वे समाधियों पर गए तो वहां पाया कि पूर्व सभासद बाबू व उसके परिवार के लोगों ने समाधि पर अवैध कब्जा कर लिया है तथा उसे अपने आवास में समायोजित कर लिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में जब वे भी वहां मौजूद थे तो पूर्व सभासद के परिवार के लोगों ने उन्हें डराने की कोशिश के साथ साथ गाली गलौच कर वहां से भगा दिया। इसी मामले में मंगलवार को अपने साथियों के साथ मिलकर उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि वे कागजों व तथ्यों के आधार पर उक्त धार्मिक स्थल को वापस दिलायें। अब देखना यह होगा कि उक्त धार्मिक स्थल वापस दिलाया जाता है अथवा नहीं।

## दिन का पारा हुआ कम, बढ़ेगा सर्दी का सितम, पारा: 23.2/6.0

**दिन में धूप और रात में पाला, गेहूं के लिए मौसम मुफीद**

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसंबर (बु.)।** शीत लहर के जारी रहते नगर में आज दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई जबकि रात का तापमान मामूली बढ़ा। अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम 6.0 डिग्री दर्ज किया गया। रात में पड़ रहा पाला शीत प्रकोप को बढ़ा रहा है। ऐसे में लोग जहां अलाव जलाकर सर्दी भगा रहे हैं, वहीं बाजार में गर्म कपड़ों की मांग बेतहाशा बढ़ी है।

दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में पहुंचने के बाद हालांकि तापमान में कोई बड़ा उतार चढ़ाव नहीं हुआ है, लेकिन दिन में जहां धूप लोगों के लिए सहारा बनी हुई है, वहीं शाम से सुबह तक कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। आज दिन में धूप काफी कड़क रही और इसके चलते लोगों ने राहत महसूस की। घरों से लेकर बाजारों व कार्यालयों तक में लोग धूप सेंकते देखे गए। हालांकि आज दिन के तापमान में एक डिग्री कमी के साथ यह 23.2 पर आ गया। बीती रात में मामूली बढ़त के साथ तापमान 6.0 डिग्री दर्ज किया गया। देर से ही सही दिसंबर में बढ़ी ठंड को गेहूं की फसल के लिए काफी अनुकूल माना जा रहा है। ठंड का मौसम गेंहू की फसल के लिए अनुकूल होता है। अब गन्ने की कटाई के साथ गेहूं की बुवाई का काम प्रगति पर है। जानकारों का कहना है कि यह मौसम गेहूं की फसल के लिए अनुकूल है। यह भी माना जा रहा है कि देर से शुरू हुई ठंड इस बार फरवरी तक जारी रह सकती है। स्काईमेट वेदर के अनुसार इस मौसम का पहला मध्यम तीव्रता वाला पश्चिमी विक्षोभ दिसंबर के पहले सप्ताह में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में मध्यम से भारी बारिश और बर्फबारी लेकर आया। इस बर्फबारी ने उत्तर भारत में तापमान में भारी गिरावट ला दी है। हिमालय में बर्फबारी क्षेत्र में सर्दी की शुरूआत के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जैसे ही यह पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ा, बर्फ से ढके पहाड़ों से ठंडी हवाएं उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के हिस्सों में फैलने लगीं, जिससे तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, इससे किसी महत्वपूर्ण मौसमी गतिविधि की उम्मीद नहीं है। लेकिन यह उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में चल रही ठंडी हवाओं को धीमा कर सकता है, जिससे न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि उत्तर भारत में सर्दी पूरी तरह से दस्तक दे चुकी है। आने वाले दिनों में ठंड की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है और यह पूर्वी भारत के हिस्सों तक भी फैल सकती है। शीतलहर की यह स्थिति खासकर उत्तर भारत के निवासियों के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता को दर्शाती है।

### महिला के क्रेडिट कार्ड से 1.40 लाख रुपये की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सादपुर निवासी अंतिम पत्नी विनय शर्मा ने तहरीर देते हुए बताया कि एक्सेस बैंक के क्रेडिट कार्ड के जरिये उसके साथ 1.40 लाख रुपये की ठगी की गई है, जिसमें तीन दिसम्बर को क्रेडिट कार्ड से 1.40 लाख रुपये का भुगतान बैंगलोर की एक कंपनी को किया गया है। महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके द्वारा ऐसी कोई भी ट्रांजक्शन नहीं की गई है और क्रेडिट कार्ड भी उसी के पास है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

## सपा सांसद बर्क के घर कड़ी सुरक्षा के बीच आवास पर लगा बिजली मीटर

**संभल, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** सपा के संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर मंगलवार को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए फोर्स के साथ अधिकारी पहुंचे। एएसपी ने बताया कि एहतियाती तौर पर फोर्स को लगाया गया है। पुराना मीटर हटा कर स्मार्ट मीटर लगाया गया है। शहर एसडीओ संतोष त्रिपाठी ने बताया कि केबल खींचने और स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम दीपासराय में किया जा रहा है। इसी क्रम में सांसद के आवास पर मीटर बदला गया है। सांसद के आवास पर लगे मीटर में कोई गड़बड़ी नहीं पकड़ी गई है। आसपास के घरों में भी स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। एसडीओ ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से बिजली चोरी के मामले आसानी से पकड़े जा सकेंगे। कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। बताया कि 100 से ज्यादा घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। केबल भी खींची गई है। मालूम हो 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में सांसद नामजद आरोपी बनाए गए हैं। भीड़ को भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। इस कार्रवाई के बाद से लगातार पुलिस प्रशासन का शिकंजा सांसद पर कसता जा रहा है। इससे पहले डीएम और एसपी के नेतृत्व में शनिवार को बिजली विभाग की टीम ने नखासा तिराहा, खग्गू सराय, रायसत्ती रोड और दीपा सराय में 49 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। इसमें चार मस्जिद और एक मदरसा भी शामिल है। बिजली विभाग ने 1.30 करोड़ रुपये की जुर्माना रिपोर्ट बनाई है।

### छात्रा ने लगाई फांसी

**मुजफ्फरनगर, 17 दिसम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव जट मोड़ा में एक छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उक्त मामले में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त घटना रविवार रात की है। जटमोड़ा निवासी संजय ने जानकारी देते हुए बताया कि उसी की 21 वर्षीया बेटी शिप्रा ने मकान के ऊपर बने कमरे में फांसी लगा ली है और कमरे को अंदर से बंद कर लिया गया था। पिता संजय की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फांसी पर लटके छात्रा के शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया, जिसके बाद सोमवार को पोस्टमार्टम कर पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। छात्रा शहर के ही एक कॉलेज में पढ़ती थी और किसी कारण से तनाव में चल रही थी। आत्महत्या का कारण फिलहाल तनाव ही माना जा रहा है।

# विरोध के बीच एक देश एक चुनाव साधारण बहुमत से पेश

**क्या फंस जाएगा बिल? वोटिंग रिजल्ट दिखाकर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा**

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर (एजेंसी)।** मंगलवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा के पटल पर एक देश एक चुनाव के लिए 129 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया। कई दलों की आपत्ति के बाद बिल को दोबारा पेश करने को लेकर वोटिंग हुई। ज्यादा वोट पड़ने के बाद बिल पेश किया गया। मोदी सरकार का प्रयास है कि देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं लेकिन विपक्ष इसे संविधान की मूल भावना पर कुठाराघात बता रहा है। यह बिल लोकसभा में साधारण बहुमत से (269 सांसदों ने पक्ष में और 198 ने विपक्ष में मतदान किया) पेश हो गया लेकिन एक नई बहस को जन्म दे दिया।

विपक्ष का कहना है कि बिल भले ही पेश हो गया लेकिन पास नहीं हो सकता। दो-तिहाई बहुमत सरकार के पक्ष में नहीं है। सरकार का यह कदम संवैधानिक रूप से कमजोर है और इसे जनसमर्थन हासिल नहीं है। कांग्रेस सांसदों की ओर से वोटिंग के दौरान जो मत पड़े उसको लेकर सरकार के ऊपर तंज कसा गया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ई-वोटिंग के स्क्रीनशॉट को शेयर करते हुए कहा कि कुल 461 वोटों में से दो-तिहाई बहुमत (यानी 307) की आवश्यकता थी... लेकिन सरकार को केवल 269 वोट मिले, जबकि विपक्ष को 198। एक देश-एक चुनाव का प्रस्ताव दो-तिहाई समर्थन हासिल करने में विफल रहा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी संख्या में स्पष्ट अंतर की ओर इशारा किया। उन्होंने मीडिया से बाहर बात करते हुए कहा कि निस्संदेह सरकार के पास अधिक संख्या बल है लेकिन इसे (संविधान संशोधन विधेयकों को) पास कराने के लिए आपको दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है जो उनके पास स्पष्ट रूप से नहीं है। कांग्रेस ने आज के उदाहरण का उपयोग करते हुए बताया कि 461 सदस्यों ने संविधान संशोधन विधेयक को पेश करने के लिए मतदान में भाग लिया। यदि यह विधेयक पास करने के लिए मतदान होता, तो उन 461 में से 307 को पक्ष में मतदान करना होता लेकिन केवल 269 ने ऐसा किया। इस विधेयक को समर्थन नहीं है और कई दलों ने इसके खिलाफ बात की है। कांग्रेस के मनीष तिवारी, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और तमिलनाडु के द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के टीआर बालू ने विरोध का नेतृत्व किया।

## देर रात डोली पाल का हुआ अंतिम संस्कार

**बुढ़ाना, 17 दिसम्बर (बु.)।** चलती हुई कुट्टी की मशीन में धक्का देकर एक विधवा महिला की जान लेने वाले नामजद हत्यारे दलालों के संपर्क में आकर अपना नाम कटवाने के चक्कर में लग गये हैं। बाकायदा दलालों द्वारा 5 लाख रुपये तक की बोली भी लगा दी गयी है। मामला वैसे अभी बुढ़ाना पुलिस के संज्ञान में नहीं आया है क्योंकि पुलिस हत्यारों की तलाश में लगी है। उधर मृतका डोली पाल का देर रात बुढ़ाना में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। बीती देर रात बुढ़ाना के मौहल्ला चंधेड़ी रोड निवासी डोली पाल की 2 जेठों और एक अन्य ने चलती कुट्टी की मशीन में धक्का देकर उस समय हत्या कर दी थी, जब वह अकेली घर में घास काट रही थी और उसके पिता छत पर थे। इस मामले में 3 हत्यारों को नामजद किया गया है। पुलिस ने एक युवक को फिलहाल हिरासत में लिया है। तीनों हत्यारे बीते कल से फरार हैं। अब कुछ दलाल तीनों या किसी एक हत्यारे का नाम निकलवाने के लिए सक्रिय हो गये हैं और गारंटी ले रहे हैं कि उनका नाम निकल जाएगा। इसके लिए हत्यारों को पांच लाख रुपए का इंतजाम करने को कहा गया है। उधर मृतका के पिता ने नामजद हत्यारों को गिरफ्तार किए जाने की मांग बुढ़ाना कोतवाल से की है। इस मामले में आधा सैकड़ा लोग कोतवाली भी गये थे, जहां पुलिस ने पीड़ित को आश्वस्त किया है और कहा है कि आरोपी जल्दी पकड़े जाएंगे।

## संदिग्धों ने ग्रामीणों में फैलाई दहशत, पुलिस ने की छानबीन



**भोपा, 17 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में डकैती प्रकरण के एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद मंगलवार देर शाम संदिग्ध व्यक्तियों ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर जाकर ग्रामीणों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश की, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकी। थाना क्षेत्र के कस्बा भोपा के म्हाड़ी के पास वाले मौहल्ले में बच्चू सिंह अपनी पत्नी लीलावती और पुत्रवधू पूनम के साथ रहता है और सब्जी उगाने का काम करता है। मंगलवार देर शाम उसकी पुत्रवधू पूनम घर का काम कर रही थी। जैसे ही वह घर के पास लगे नल पर पानी लेने के लिए पहुंची, तभी उसे नल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठे दिखाई दिए, जिस पर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। उसके शोर मचाने की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और संदिग्धों का पीछा किया, लेकिन संदिग्ध गन्ने के खेत में गायब हो गए। इसके बाद मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी गई। भोपा पुलिस ने मौके पर जाकर ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए संदिग्धों की तलाश की, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने कहा की डकैती प्रकरण को एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी बदमाशों की पकड़ ना हो पाने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।